CMYK

तापमान
अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C

सेंसेक्स
75,967.39
22,945.30

सोना
88,120
चांदी
100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 20 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 88 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 21 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

# राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी -शेष पृष्ठ दो पर...



### उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना -शेष पृष्ठ दो पर...

# सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

लखनऊ, वार्ता



महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

## बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट/भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

## आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

# बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।



- **शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी**
- **सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली**

### श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

## रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।



- **भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया**

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

### पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ -शेष पृष्ठ दो पर...

## यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

मुंबई, वार्ता

- **बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

## मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।

# भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

## ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।



- **अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग**

حج عمرہ و زیارات
IATA
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)
ISO CERTIFIED COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोव्वा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैण्ड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# सऊदी अरब में अमेरिका व रूस की वार्ता अच्छी रही: ट्रम्प

वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सऊदी अरब में अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि वे बहुत अच्छे थे। रूस कुछ करना चाहता है।

रूस 'जंगली बर्बरता' को रोकना चाहता है। श्री ट्रम्प ने युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की, जो अमेरिकी गृह युद्ध का अहम मोड़ बन गया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने की योजना ने पिछले कुछ दिनों में हजारों सिविल सेवकों को झटका दिया है, लेकिन एक सदी में सबसे खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, कोरोनावायरस महामारी के

■ युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की

तुरंत बाद स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में कटौती विशेष रूप से परेशान करने वाली है, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों का कहना है कि बर्खास्तगी से देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का खतरा पैदा हो जाएगा। इस बर्खास्तगी के कारण रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तथा विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली अन्य एजेंसियों के अगली पीढ़ी के नेताओं को भी बाहर कर दिया गया है। बर्खास्तगी ने स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा विज्ञान में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले स्नातक छात्रों को परेशान कर दिया।

## बलूचिस्तान में सात यात्रियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

यह हमला मंगलवार का बरखान जिले में एक राजमार्ग पर मंगलवार देर रात हुआ जहां लगभग 11 हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका। जिले के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को यह जानकारी दी। यात्री प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पूर्वी पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले की यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारियों को अपने लक्ष्यों के बारे में विशेष जानकारी थी क्योंकि उन्होंने केवल इस विशेष वाहन को रोका और पीड़ितों को चुन-चुन कर मार डाला। सूत्रों ने कहा कि बरखान पंजाब और बलूचिस्तान के बीच एक सीमावर्ती जिला है जो दोनों प्रांतों के बीच यात्रियों के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है।

# भारत-मलेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा क्षेत्र पर बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत** और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालम्पुर में हुई।

बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राज.श कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक



■ सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालम्पुर में हुई द्विपक्षीय सहयोग पर जताई खुशी

संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिब(ता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा। रक्षा सचिव ने मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

### रक्षा सचिव ने मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत मलेशिया को हिन्द प्रशांत में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति विजन यानी एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास), और हिन्द प्रशांत महासागर पहल के केन्द्र में है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव: शिवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। श्री चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। श्री चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।

### महाकुंभ स्नान करने आई युवती का बाथरूम में मिला शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के झूंसी क्षेत्र में महाकुंभ में स्नान करने आई युवती का बाथरूम में शव मिलने से हड़ंकप मंच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात दिल्ली निवासी एक युवक और युवती ने अपने को पति-पत्नी बताकर बता कर झूंसी क्षेत्र थाना के आजादनगर इलाके में रात बिताने के लिए एक कमरा किराए पर लिया था। उस मकान में और भी किराएदार थे और बाथरूम कॉमन है। बुधवार सुबह अन्य किराएदार बाथरूम में गए तो वहां शव देख कर चीख पड़े। युवती के साथ आया युवक रात को ही मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक वहां नहीं रहता है। सामने जनरल स्टोर वाला मकान की देखभाल करता है।

### नकवी की पत्नी सीमा ने किया संगम स्नान

**महाकुंभनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखतार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी अपने परिवार के साथ बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना की। सीमा नकवी ने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन अध्यात्म और श्रद्धा का भव्य संगम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी पदाधिकारियों को दी नसीहत

# जिसकी जितनी जिम्मेदारी, उतनी जवाबदेही

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खड़गे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला



■ पार्टी प्रभारियों व महासचितों की बैठक में बोले-जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद

कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। श्री खड़गे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहां विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ह प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया। हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। अमेरिका ने हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़-साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

## नए सिरे से होगा आप का पुनर्गठन

**पार्टी की कार्यकारिणी बैठक के बाद बोले गोपाल राय**

**नई दिल्ली।** आप कार्यकारिणी का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने इस दौरान नए सीएम के चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। बुधवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और संगठन मंत्री शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने पत्रकारों से बताया कि आज सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी से उनकी चुनाव में निभाई गई भूमिका की रिपोर्ट अगले दस दिनों में प्रदेश कार्यालय में सौंपने को कहा गया है।

# यूपी के प्राथमिक स्कूलों में लटके हैं ताले: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

**यूपी** के सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप वाले बयान के जवाब में बुधवार को अखिलेश यादव ने सीएम पर तंज कसा है और उर्दू के शेर पढ़कर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कल कर रहे थे जो खिलाफत आगे बढ़कर, आज वाह-वाही लूट रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी और अवधी भाषाओं का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी पर हमला किया था और पार्टी पर बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हैं। देश में सबसे ज्यादा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अगर कहीं हैं, तो वो उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य की प्रगति और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से लापरवाह रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए कि 11 लाख प्राथमिक विद्यालय, जिनमें ताले लगे हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है



■ राज्य की प्रगति और शिक्षा को ले कर योगी सरकार लापरवाह

कि सीएम का भाषा या प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो 11 लाख प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कितने इंटरमीडिएट स्कूल खोले गए हैं? चाहे वह पॉलिटेक्निक हो, आईटीआई हो या इंजीनियरिंग सरकार इनमें से कितने का ध्यान रख रही है? वहीं सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने सीएम पर जानबूझकर इसे हिंदू-मुस्लिम का विषय बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उर्दू भी एक भाषा है। विस में उठाया गया मामला एक अलग परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू-मुस्लिम के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उर्दू की बात की।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से फिर फिसला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

**विश्व** बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12.40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बाजार की गिरावट नियंत्रित रही। इस दौरान मिडकैप 1.30 प्रतिशत उछलकर 40,376.68 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,455.83 अंक पर पहुंच



गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में लिवाली जबकि 1147 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि अन्य 25 हरे निशान पर रही। बीएसई के चार समूहों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 75,787.27 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,581.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,338.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,967.39 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत टूटकर 75,939.18 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक टूटकर 22,847.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,814.85 अंक के निचले जबकि 23,049.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,945.30 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत उतरकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.28, इंफोसिस 2.20, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.98, सन फार्मा 1.38, भारती एयरटेल 1.35, पावरग्रिड 1.35, एचसीएल टेक 1.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, टेक महिंद्रा 1.01, बजाज फिनसर्व 0.99, नेस्ले इंडिया 0.94, मारुति 0.86, बजाज फाइनेंस 0.51, अल्ट्रासिम्को 0.38, टाइटन 0.35, अडानी पोर्ट्स 0.28 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

## ट्रम्प का कर फरमान जीएसटी को भी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि श्री ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंता.जनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी हुई मंहगी

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चीनी महंगी हो गई।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 175 रिंगिट उबलकर 4869 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी के साथ 48.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी



20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्य की संस्कृति...**

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्ख्रतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**नए भू-कानून के...**

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा-अनियमितताओं को रोका जा सके।

7- जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8- नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9- यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

**पढ़ाई-लिखाई के...**

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

# संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

## पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक-दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दहेज में पांच लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर रझेड़ा निवासी मुनीराम पुत्र बदलू का आरोप है कि नवंबर 2023 में उन्होंने अपनी बहन ममता की शादी थाना असमोली के टांडा कोठी निवासी दीपक पुत्र छोटेलाल के साथ की थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। कारण वह विवाहिता के साथ मारपीट करने लगे और दहेज में पांच लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप है कि जब विवाहित गर्भवती थी तब भी उसके पति दीपक, सूरज पुत्र छोटेलाल, ससुर छोटेलाल, सास उषा, बड़ी ननद ने मारपीट की। लगातार दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट होती थी। 10 दिसंबर 2024 को ममता के ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसमें ममता घायल हो गई फिलहाल ममता का उपचार चल रहा है। ममता के भाई मुनीराम ने पुलिस को तहरीर देकर दहेज लोभियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**■ पति समेत पांच पर मुकदमा**

### डीसीएम व ट्रैक्टर-ट्राली टकराई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** डीसीएम व ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। जिसमें डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद रामपुर निवासी राजपाल मंगलवार की रात डीसीएम लेकर किसी काम से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह गजरौला स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचा तो ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली व डीसीएम आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिससे नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। जमा हुए राहगीरों ने घायल चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं तिगरी मार्ग कसेरूवा निवासी फरमान अली बाइक फिसलने से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसका उपचार करके घर भेज दिया।

**■ हादसे में डीसीएम का चालक घायल**

# हाइवे पर हादसे में पिता-पुत्र की मौत

## दुर्घटना में पत्नी व कैंटर के चालक-क्लीनर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डंपर ने डीसीएम को टक्कर मारने के बाद बाइक के पास खड़े दंपति व बेटे को कुचल दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई जबकि मृतक की पत्नी के अलावा डीसीएम का चालक व परिचालक गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलते ही घटनास्थल पहुंची पुलिस ने तुरंत घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल पत्नी की हालत भी फिलहाल नाजुक बनी है। वहीं, हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए वाहनों की रफ्तार थमने से जाम की स्थिति बनी रही।

मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव भांडली निवासी 40 वर्षीय इस्तेखार





आटा चक्की का संचालन कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। पांच भाईयों में तीसरे नंबर के इस्तेखार के खुद के परिवार में पत्नी फूलजहां के अलावा सात बच्चे हैं। बुधवार को डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में उनकी रिश्ते की साली की बारात आई थी। दावत में शामिल होने के लिए इस्तेखार पत्नी फूलजहां और आठ वर्षीय बेटे शानिब के साथ बाइक पर सवार होकर वहां जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब दो बजे वह चौधरपुर में ओवरब्रिज के पास बाइक रोककर सर्विस रोड किनारे खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने पहले सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में टक्कर मारी और फिर बाइक के पास खड़े हुए इस्तेखार, उनके बेटे शानिब और पत्नी फूलजहां को कुचल दिया। हादसे में इस्तेखार और उनके बेटे शानिब की मौके पर मौत हो गई। वहीं, फूलजहां के अलावा संभल जिले के गांव शाहबाजपुर का रहने वाला डीसीएम चालक शाहरुख व परिचालक फैसल गंभीर घायल हो गए। भीषण सड़क हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। क्षतिग्रस्त वाहनों के कारण जाम लगने पर हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पिता-पुत्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

**■ डम्पर ने हाइवे किनारे खड़े दम्पति व बेटे को रौंदा**

# बाइक चोरी करते दो किशोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी विवाह के सीजन में चोरों का गैंग भी सक्रिय है। मंगलवार की रात को एक वेंकट हॉल में आयोजित वैवाहिक समारोह से बाइक चोरी करने की कोशिश करते हुए दो किशोरों को लोगों ने दबोच लिया। उनकी धुनाई की, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया। बता दें कि नगर के धनौरा रोड स्थित एक वेंकट हॉल में मंगलवार की रात को एक वैवाहिक समारोह था। बताते हैं कि दो किशोर वहां से बाइक चुराने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच बारात में शामिल होने आए लोगों की नजर उन पर पड़ी तो लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की। उनकी असलियत सामने आने पर उनकी तबियत से धुनाई की। सूचना मिलने पर कुमराला पुलिस मौक पर पहुंच गई। उन्होंने दोनों किशोरों को पुलिस के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में लिया और थाने ले आई। वहीं पुलिस ने दोनों किशोरों के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया और अग्रिम कार्रवाई की।

**■ धुनाई करके पुलिस को सौंपा**

**नगर में पिछले दिनों हो चुकी हैं चोरी की कई घटनाएं**

नगर में पिछले दिनों एक ई-रिक्शा चोरी सहित अन्य छोटी छोटी चोरी की कई घटनाएं हुईं। जैसे नगर के इंदिरा चौक स्थित एक पानी बीड़ी के खोखे का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। वहीं नगर के दो स्थानों से चोर एसी के पाइप भी चोरी करके ले गए। कुछ समय पूर्व डिलीवरी कंपनी के ऑफिस में भी चोरी हुई थी।

# गंगा जल लेने जा रहे पिता-पुत्र घायल

## गंभीर हालत में किया रैफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अज्ञात कार ने हरिद्वार गंगा जल लेने जा रहे पिता पुत्र कांवड़ियों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस एवं 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों पिता पुत्र की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बुधवार को कोतवाली इलाके में गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के नजदीक हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे जनपद बुलंदशहर के थाना अनूपशहर के गांव फत्तेहपुर निवासी लखपत पुत्र बाबूराम तथा उनके बेटे सोनू को पीछे से अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों पिता पुत्र कांवड़िए गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों पिता पुत्र कांवड़ियों को हालत नाजुक देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद अज्ञात कार चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।



# ससुरालियों को बेहोश कर पत्नी नकदी व जेवर लेकर फरार

## कोर्ट के आदेश पर विवाहिता, पिता समेत तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पति व ससुरालियों को दूध में नशा मिलाकर बेहोश कर यिा तथा दुल्हन व उसके पिता साढ़े सात लाख रूपये की नकदी समेत साढ़े 16 लाख रूपये के जेवर लेकर चम्पत हो गये। पुलिस ने पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो उन्होने कोर्ट का सहारा लिया। विवाहिता समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गंगा मंदिर निवासी शशांक चौहान वर्तमान में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा राजपूत में रहते थे। यहां पर उनके पिता सुभाष चौहान, मां व भाई भी साथ में रहते हैं। 15 जुलाई 2024 को शशांक चौहान की शादी राजस्थान के जिला जयपुर पश्चिम के थाना भकरौला के जेजीए काला.नी निवासी महेंद्र सिंह कुशवाहा की बेटी अनामिका के साथ हुई थी। शादी के बाद अनामिका ससुराल आकर रहने लगी। इस दौरान वह दिन में लगातार मायके वालों से कॉल पर बात करती रहती थी। 1 सितंबर को शशांक चौहान की मां दिल्ली स्थित रिश्तेदारी में गई थीं तथा छोटा भाई ड्यूटी पर गया था। उसी दिन अनामिका का पिता महेंद्र सिंह कुशवाहा बेटी के घर आ गया। रात को सभी ने मिलकर खाना खाया। आरोप है कि करीब 10 बजे अनामिका ने पति शशांक व ससुर सुभाष चौहान को पीने के लिए दूध दिया। जिसे पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए। जब उन्हें अगले दिन होश आया तो दोनों अस्पताल में भर्ती थे। ठीक होने पर घर लौटे तो जानकारी हुई तो पड़ोस में रहने वाली महिला गीता ने उन्हें घर में बेहोश देखा था। उसने ही ग्रामीणों की मदद से पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया। घर वापस लौटने पर उन्हें न तो अनामिका मिली तथा ही उसका पिता महेंद्र सिंह। घर में रखी 7.5 लाख रुपये की नकदी व लगभग नौ लाख रुपये की कीमत के जेवरात गायब थे। आरोप है कि अनामिका अपने पिता के साथ नकदी व जेवरात चोरी कर फरार हो गई। मोबाइल पर संपर्क किया तो नंबर बंद मिले। एक महीना पहले शशांक चौहान व उसके परिजन राजस्थान गए थे। वहां अनामिका, उसके पिता व भाई पुष्पेंद्र ने मारपीट की तथा धमकी देकर भगा दिया। पुलिस स्तर से कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में अदालत के आदेश पर अनामिका, महेंद्र सिंह कुशवाहा व पुष्पेंद्र कुशवाहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

**■ साढ़े सात लाख की नकदी व नौ लाख के जेवर ले गई साथ**

# शराब के रेटों को लेकर मारपीट, मची भगदड़

## शराब की दुकान बनी अखाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर शराब की दुकान अखाड़ा बन गई। शराब के रेट को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट होने के कारण काफी देर तक रहा अफरा तफरी का माहौल रहा। कुछ लोगों द्वारा दोनों पक्षों को समझा कर मामला रफा-दफा कर दिया।

बता दे कि प्रदेश सरकार द्वारा नई आबकारी नीति लागू होने के बाद लॉटरी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी बीच स्टॉक खत्म करने के लिए शराब की दुकानों पर मिल रही छूट ने शराब प्रेमी गदगद है। शराब की दुकानों पर भारी भीड़ लगी हुई है। ऐसे ही एक मामला बुधवार को नगर के गजरौला मार्ग स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में सामने आया। जहां अंग्रेजी शराब पर छूट को लेकर दो पक्षों में जमकर नोंक-झोंक होने के बाद मारपीट हो गई। शराब की दुकान पर मारपीट होने से अफरातफरी का माहौल हो गया।



# वॉलीबाल में अक्षरा स्कूल ने मारी बाजी

## नेहरू स्मारक में क्रीड़ा प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** कबड्डी में रजबपुर व वालीवाल प्रतियोगिता में अक्षरा पब्लिक स्कूल ने बाजी मारी।

नेहरू स्मारक इंटर कालेज में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में नेहरू स्मारक इंटर कालेज ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की टीम को 23-15 से हराया। वालीवाल प्रतियोगिता का फाइनल अक्षरा पब्लिक स्कूल पपसरा ने रजबपुर को 25-15 व 25-23 से हराकर जीता। कुश्ती में वंदना जबकि बैडमिंटन में मोनिका ने बाजी मारी। 400 मीटर दोड़ में अमरोहा का पवन प्रथम, अभिजीत द्वितीय व रितिक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में रजबपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रबंधक सुधीर कुमार व प्रधानाचार्य भूकन सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में डा. संजीव चोहान, मनीष कुमार त्यागी, पुरूजीत सिंह, दयानन्द आर्य, मनोरमा शर्मा, अमन कुमार आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक सुधीर कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया।

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों के समीप सफाई के निर्देश

## ईओ ने जारी किए टोल फ्री नंबर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने निर्देश दिये कि महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। पथ प्रकाश व पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाये।

पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है। इस त्यौहार पर हरिद्वार व ब्रजघाट से बड़ी संख्या में कांवड़िये जल लेकर आते है। शिव भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। मंदिरों के आस-पास बेहद सफाई करने के साथ ही चूने का छिड़काव भी कराया जाये। पथ प्रकाश की व्यवस्था तथा पेज जल की निर्विरोध आपूर्ति की जाये। कंट्रोम रूप की स्थापना कर उसमें कर्मियों की तैनाती जाये। ताकि समय रहते भोलों की समस्याओं को दूर किया जा सके। इस दौरान टो फ्री नंबर भी ईओ द्वारा जारी किये गये। उन्होंने सभी कर्मचारियों को चेताते कहा कि जिन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे समय रहते पूरा करे। लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी।

# युवक की हादसे में मौत पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक मोटरसाइकिल पर सवार किसान इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि घायल महिला का इलाज अभी अस्पताल में चल रहा है। बीती 25 जनवरी को मंडी धनोरा क्षेत्र के गांव पर खालसा निवासी नूर हसन अपनी पत्नी हसीन के साथ बाइक पर सवार होकर गजरौला की तरफ जा रहे थे। जब वह बछरायूं बिजली घर के पास पहुंचे तो सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। हादसे में नूरहसन की हालत गंभीर होने पर परिजन मुरादाबाद निजी अस्पताल में ले गए जहां 27 जनवरी को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि नूरहसन की पत्नी हसीन का इलाज अभी निजी अस्पताल से चल रहा है। इस मामले में मृतक नूर हसन के पुत्र मोहम्मद हसन ने लापरवाही से वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### भाकियू भानू जिलाध्यक्षों का स्वागत

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर स्थित भारतीय किसान यूनियन भानू के कैंप कार्यालय पर संगठन के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया संगठन के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बबित धामा एवं युवा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता का स्वागत किया गया। पदाधिकारियों द्वारा दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर लवकुश,जमशेद चौधरी, सत्य राज त्यागी,कोमल शर्मा,राजीव त्यागी,सुमित त्यागी, रविंद्र धामा, अशोक शर्मा, मनी त्यागी, डॉ हाशिम चौधरी, लोकेश चौहान, डॉ गोविंद सिंह, मुस्तकीम,बबलू बिधूड़ी आदि मौजूद रहे।

# वकीलों का तहसील गेट पर प्रदर्शन

## प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 35 ए, 45 बी तथा 49 बी के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन द्वारा तहसील के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

बार अध्यक्ष चंद्रसैन अग्रवाल के नेतृत्व में महासचिव मदन कुमार राणा सहित अन्य अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार नारेबाजी की गई और सरकार से प्रस्तावित संशोधन को वापस लेने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित संशोधन को अधिवक्ताओं की संवैधानिक स्वतंत्रता, स्वायत्तता तथा उनके मौलिक अधिकारों का हनन बताया। प्रदर्शन के दौरान चंद्रसेन अग्रवाल, मदन कुमार राणा,गंगा सरन खड़गवंशी, मुजाहिद चौधरी, महावीर सिंह चौहान,महिपाल सिंह, श्यौराज सिंह राणा, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा,वीर सिंह प्रजापति, सुबोध शर्मा, विनोद सक्सेना,सुनील भटनागर, आफताब आलम,अरविंद शर्मा, वीर सिंह त्यागी, नुसरत अली,दीवान सिंह, रमेशचंद्र, विजयपाल,मो. यामीन, सतपाल सिंह, दीवान सिंह, संजीव कुमार, कपिल देव सिंह दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

## विवाहिता की तहरीर पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव से दहेज में ट्रैक्टर की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से मारपीट कर निकालने का मामला सामने आया है। सामने में पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर गुर्जर निवासी धर्मपाल सिंह की पुत्री मंजू का आरोप है कि वर्ष 2022 में उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव मुकीमपुरा निवासी भूपेंद्र पुत्र श्याम सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि उसका पति भूपेंद्र नशे का आदी है और उसके साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि उसके पति ने अपने भाई बीरे व बहनोई सचिन पुत्र कटेरा निवासी शब्दलपुर मिल्क थाना चांदपुर के साथ मिलकर भी मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया और दहेज में ट्रैक्टर लाने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# उमंग डेयरीज के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हसनपुर मार्ग स्थित उमंग डेयरीज लिमिटेड पर वॉयलर से निकलने वाली हानिकारक गैस द्वारा आंखो में समस्या होने का शिकायत करते हुए ग्रामीणों ने कंपनी के गेट पर हंगामा किया और कंपनी प्रबंधन के विरूद्ध नारेबाजी करके रोष जताया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। कंपनी प्रबंधन ने ग्रामीणों को लिखित में आश्वासन देकर कुछ दिन में ही समस्या के निस्तारण के प्रति आश्वस्त किया है। ग्राम प्रधान छोया सविता देवी के पति शीशपाल सिंह ने बताया कि उमंग डेयरीज द्वारा छोड़ी जा रही हानिकारक राख से आसपास के ग्रामीणों की आंखो में नुकसान हो रहा है। गांव निवासी कुछ लोगों की आंखो में राख के कारण इतनी समस्या हो गई है कि उनकी ज्योति काफी कम हो गई है। बड़ों के साथ साथ बच्चों की आंखो में भी यह राख परेशानी पैदा कर रही है। ग्रामीणों ने कंपनी प्रबंधन के प्रति रोष जाहिर करते हुए नारेबाजी भी की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। कंपनी प्रबंधन ने दस दिन में समस्या निस्तारण करने का लिखित आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण अपने घरों को रवाना हुए। इस मौके पर हरनाम सिंह, अजय सिंह, फरमान अली, सुरेश चंद, बलवंत, छोटे, हुकम सिंह आदि मौजूद रहे।

**■ कंपनी से निकलने वाली राख से लोगों की आंखे हो रहीं खराब**



# दबंगों ने युवक को दौड़ाकर पीटा

## कार में तोड़फोड़ करने का विरोध पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की। विरोध करने पर युवक को दौड़ाकर पीटा। गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक का है। यहां पर निताश शर्मा का परिवार रहता है। उनकी कार घर के बाहर खड़ी रहती है। आरोप है कि 15 फरवरी की रात को मोहल्ले के ही रहने वाले विराट ने पहले तो निताश शर्मा के घर के दरवाजे पर पत्थर फेंके, विरोध किया तो उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी। शीशा तोड़ दिया तथा कार का स्लाट भी क्षतिग्रस्त कर दिया। निताश शिकायत करने घर गया तो विराट ने अपने भाई व पिता के साथ मिलकर मारपीट की। सूचना पर पीआरवी भी मौके पर पहुंची थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## ब्रहमाकुमारी विश्वविद्यालय में लगाया शिव का झंडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय की भाई बहिनों द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव का झंडा लगाया गया।

गांव अकबरपुर पट्टी में विश्व. विद्यालय के भाई बहिन एकत्र हुए। केन्द्र प्रभारी वीके योगिता द्वारा मुरली क्लास करायी गयी। इसके बाद बहिनों द्वारा सामुहिक भोग परमपिता परमात्मा को स्वीकार कराया गया। शिवरात्रि के रहस्य एवं शिव के अवतरण की जानकारी लोगों को दी गयी। कार्यक्रम में रानी, सीमा, माया, सरोज, रूमा, करन सिंह, लवली, हरिराम, राजवीर सिंह, सतीश, पुरूषोत्तम, उमेश, बलवंत, राजपाल, भरत, विनोद, मनोज, राकेश आदि मौजूद रहे।

# चकनवाला के नरेश का था गंगा में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंगलवार को गंगा मे उतराते मिले शव की शिनाख्त थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी नरेश (40) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक वह 11 दिन पूर्व अचानक लापता हो गया था, वह मानसिक रूप से कमजोर भी था। बता दें कि मंगलवार की अपरान्ह में गंगा में एक व्यक्ति का शव उतराता मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई थी और शव को बाहर निकलवाकर पहचान की कोशिश भी की थी, मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी पर भेज दिया था। सुबह अखबारों में समाचार प्रकाशित होने पर परिजन पुलिस के पास पहुंचे और पहचान की। परिजनों के मुताबिक नरेश कुछ मानसिक रूप से कमजोर था।

**■ 11 दिन से लापता था ग्रामीण**



# केन्द्रीय मंत्री ने की राम सिंह के रेडियो संग्रहालय की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय के संस्थापक राम सिंह बौद्ध को केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने आवास पर आमंत्रित करके 'गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड' का प्रमाण पत्र साझा किया। उन्होंने राम सिंह बौद्ध के कार्य की प्रशंसा करते हुए शीघ्र ही संग्रहालय आने की बात भी कही। बता दें कि नगर के मोहल्ला बुद्धनगर नाईपुरा निवासी राम सिंह बौद्ध के नाम सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय का रिकार्ड गिनीज बुक में भी दर्ज हुआ है। उनके इस प्रयास से गजरौला का नाम राष्ट्रीय व वैश्विक पटल पर अलंकृत हुआ है। वे लगातार समाचारों की सुखियों में हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी उनके प्रयासों की सराहना की गई है। बुधवार को केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अपने आवास पर राम सिंह बौद्ध को आमंत्रित करके 'गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड' का प्रमाण पत्र साझा किया। केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दुनिया में रेडियो का सबसे बड़ा संग्रहालय स्थापित करने के पर राम सिंह बौद्ध के प्रयासों को सराहते हुए जल्द ही संग्रहालय अवलोकन के लिए भी आश्वासन दिया। वहीं इस उपलब्धि के बाद राम सिंह बौद्ध के परिजनों में भी उल्लास का वातावरण है।

**■ गिनीज बुक ऑफ रिकार्ड का प्रमाण पत्र भी किया साझा**



# जयंती पर शिवसेना ने शिवाजी महाराज को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शिवसेना जिला प्रमुख के नेतृत्व में पदाधिकारी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर नमन करते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर हिंदू राष्ट्र के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

बुधवार को नगर के बाईपास मार्ग पर स्थित शिवसेना के कैंप कार्यालय पर जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 जयंती पर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने कहा कि मराठा साम्राज्य के संस्थापक और महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगल सम्राट औरंगजेब के खिलाफ खड़े होकर मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। हर वर्ष 19 फरवरी को उनके शौर्य बलिदान को याद किया जाता है तथा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज के चरित्र को अपने जीवन में उतरना चाहिये।इस मौके पर मुख्य रूप से शिवसेना के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव, पूर्व नगर प्रमुख रा राजकुमार सागर, नगर प्रमुख विकास यादव,राधेलाल अग्रवाल, मनु यादव, रवि यादव, रिंकू प्रजापति, सतवीर प्रजापति निकुंज शर्मा आदि सहित दर्जनों शिव सैनिक मौजूद रहे।

## सीनियर को खुशी से किया विदा



**हसनपुर।** रामसरन सुशीला आनंद हाई स्कूल मे फेयरवेल पार्टी का आयोजन कर कक्षा 10 के छात्र छात्रों को विदाई दी गई। फेयरवेल पार्टी के दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में बुधवार को कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना,उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी,सोमवती कश्यप,राजीव शर्मा,अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी,भावना सक्सेना,चरन सिंह,खुशबू शर्मा,लक्ष्मी रस्तोगी, अंश सक्सेना, नीलम सक्सेना, चंद्रशेखर, अतुल मथुर,सीमा वर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# महबूब ने उठाया बिजली ट्रिपिंग का मुद्दा

## ऊर्जा मंत्री ने दिया सुधार का भरोसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर विधायक महबूब अली ने विधान सभा सत्र में बिजली का मुद्दा जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहा है। लेकिन अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा।

लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने लखनऊ विधान सभा सत्र के दौरान नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चल रही बिजली की समस्या को जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में आये दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाते है। इसका कारण यह है कि कनेक्शन के भार के सापेक्ष ट्रांसफार्मर की क्षमता कम है। जिस कारण वह आये दिन फुंकते रहते है। श्री अली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या से किसान बुरी तरह परेशान है। अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं किया जा रहा। ऊर्जा मंत्री ने श्री अली को भरोसा दिया कि जल्द इस समस्या को दूर कराया जायेगा।

# महाशिवरात्रि पर नगर में निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा के संयोजन में बुधवार को नगर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर सात दिवसीय सहज राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा रामलीला मैदान, अहिंसा स्तंभ, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, होली पार्क, बाईपास मार्ग आदि स्थानों से होती हुई आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान दीपक सलूजा, बलवीर सिंह यादव, अमीचंद, विजयराम, महेंद्र सिंह, मनीषा, पूजा, विनीता, योगिता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे

# छुट्टा पशुओं से किसानों को मिले निजात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों की फसलों को गोवंशीय पशु नुकसान पहुचां रहे हैं। इस समस्या को दूर किया जाये।

गांव पृथ्वीपुर कलां में मोर्चा की पंचायत हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों के पास खेती के अलावा आमदनी का कोई जरिया नहीं है। छुट्टा पशु किसानों की खेती को बर्बाद कर रहे हैं। फूड इंस्पेक्टर मिलावट खोरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू ने कहा कि दूध में मिलावट को लेकर जल्द अभियान चलाया जायेगा। पंचायत में अरूण सिद्धू, रोहित देवल, शीशपाल सिंह, कलीम चौधरी, अरूण, चन्द्रपाल सिंह, देवेन्द्र, विजयवीर, मयंक धारीवाल, संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मिलावट खोरों पर हो सख्त कार्रवाई



# सदन को बाधित करता विपक्ष: ढिल्लो

## नियमावली पढ़ने की दी सीख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** विधान सभा बजट सत्र के दौरान विपक्षियों द्वारा सदन की कार्रवाई बाधित करने पर एमएलसी डा. हरि सिंह ढिल्लो ने गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने विपक्ष को नियमावली पढ़ने की नसीहत दी।



बताते चलें कि लखनऊ विधानसभा बजट सत्र के दौरान महाकुम्भ हादसे व अन्य मांगों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। जिस पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कड़ा विरोध जताते कहा कि विपक्ष न तो नियम जानता है न ही कानून। वह विधानसभा को भ्रमित करने का काम कर रहा है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि आप लोग सदन में चर्चा नहीं होने देते। सदन की गरिमा को खंडित किया जा रहा है। उन्होने पीठ से सदन की कार्रवाई संचालित करने की मांग भी की।

# शादी समारोह में मारपीट, पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी समारोह में गए युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर के गांव नयागांव निवासी कृष्णपाल अपने साथियों के साथ मंगलवार की रात क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद में एक शादी समारोह में गया था। बरात आने पर किसी बात को लेकर गांव मौहम्मदाबाद निवासी खेम सिंह, पप्पू, रितेश, पुष्पेन्द्र, ने कृष्णपाल व उसके साथियों का रास्ता रोककर उनके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसमें कृष्णपाल, प्रदीप, वीरपाल, छोटू, घायल हो गए। शोर-शराबा होने पर आसपास लोग दौड़े तो आरोपी लोगों को अपनी तरफ आता देख जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जमा हुए लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में खेम सिंह, पप्पू, रितेश, पुष्पेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# खनन अधिकारी ने पकड़ा अवैध खनन

**गजरौला।** जिला खनन अधिकारी ने तिगरी गंगा क्षेत्र के गांव मोहरकापट्टी गांव में रात में छापेमारी करके अवैध खनन पकड़ा। मौके से एक मशीन, लोडर व डंपर को कब्जे में लिया गया। तीनों वाहनों पर सीज की कार्रवाई की गई। कार्रवाई से अवैध खनन के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। वहीं मौके से चालक आदि फरार हो गए। जिला खनन अधिकारी मनीष यादव के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार की रात को मोहकापट्टी गांव में छापेमारी की। टीम को देखते हुए अवैध खनन के कार्य में लिप्त लोग तो फरार हो गए। टीम ने एक मशीन, लोडर व डंपर को कब्जे में लिया और थाने लाकर खड़ा करवाया। इन तीनों वाहनों आदि पर सीज की कार्रवाई हुई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक इस मामले में रिपोर्ट आदि की सूचना नहीं थी। क्षेत्र में चर्चा है कि यह खनन किसी हिन्दू संगठन के पदाधिकारी की शह पर चल रहा था। बता दें कि क्षेत्र में अभी शाहपुर गांव से भी अवैध खनन का वीडियो भी ग्रामीणों ने साझा किया था।

# जल लेने हरिद्वार जाने लगे कांवड़ियों के जत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महाशिवरात्रि को लेकर भोले के भक्तों में अपार उत्साह दिखाई दे रहा है। वह बम भोले के जयकारे करते हुए हरिद्वार से जल लेने के लिए निकल पड़े हैं। उनकी विदाई भी काफी शानदार तरीके से हो रही है। गले में फूलों की माला व भांगड़े के साथ कांवरियों के जत्थों को रवाना किया जा रहा है।

26 फरवरी को महा शिवरात्रि का पर्व है। जिसे लेकर कांवरियों में अपार उत्साह है। हरिद्वार से गंगा जल लेकर पैदल आने वाले कांवरिये कई कई दिन पहले ही रवाना हो जाते हैं। इधर से वह वाहनों के द्वारा हरिद्वार पहुंचते हैं जबकि उधर से कांवर में गंगा जल लेकर पैदल मंजिल तय करते है। जिसे कई दिन का समय लगता है। जिस कारण कांवड़िये अब हरिद्वार से गंगा जल लेने निकल चुके हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या में और इजाफा होगा। प्रशासन भी कांवर यात्रा को लेकर सचेत है तथा लगातार इसकी तैयारियों को लेकर मंथन कर रहा है। कांवरियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों द्वारा निर्देश दिये जा रहे हैं। 26 फरवरी को होने वाले इस पर्व को लेकर मंदिरों के समीप सफाई के विशेष निर्देश दिये गये हैं। कांवर यात्रा के दौरान जगह जगह रास्तों में शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा करने वाले भक्तों की कोई कमी नहीं है। पैदल कांवर लेकर आने वाले भोले के भक्त यहां कुछ देर विश्राम कर अपनी मंजिल की ओर तेजी से कदम बढ़ाने शुरू कर देते हैं।

## फूल मालाओं से दी जा रही विदाई



# प्रधान उपचुनाव में बम्पर वोटिंग

## 81.11 प्रतिशत मतदाओं ने किया मतदान


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हादीपुर कलां उप चुनाव में वोट जमकर बरसे। 81.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सुरक्षा के लिहाज से यहां पुलिस तैनात की गयी थी।

बुधवार को गांव हादीपुर कलां में प्रधान पद के लिए उपचुनाव हुआ। यहां से चार प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे थे। चुनाव में बम्पर वोटिंग हुई। मतदान समाप्त होने तक 81.11 प्रतिशत मतदाओं ने अपने मत का प्रयोग किया। यहां कुल 2065 मतदाता हैं जिसमें से 1675 ने वोट डाले। चुनाव लड़े प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिकाओं में बंद हो गया है। बताते चलें कि यहां के ग्राम प्रधान की मौत हो जाने के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। जिस पर आज चुनाव सम्पन्न कराया गया।



# घरेलू कलह के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी


मृतका बीना की फाइल फोटो

शाह टाइम्स संवाददाता

**उझानी।** थाना बिल्सी क्षेत्र के पुसगवां गांव के रहने वाले भूरे सिंह ने अपनी बेटी वीना की शादी थाना उझानी क्षेत्र के संजरपुर बालजीत गांव में रहने वाले मुकेश कुमार के बेटे सत्यवीर सिंह से की थी। मृतका बीना के पिता भूरे सिंह ने बताया की शादी के बाद से सत्यवीर सिंह और बीना के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।

दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। बुधवार 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि वीना फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। तो मायका पक्ष के लोग वीना की ससुराल पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीना के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दबंग ने राजस्व विभाग टीम की मौजूदगी में पीड़ित का पुश्तैनी दरवाजा किया बंद

दरवाजा बंद करते समय का दबंगों का इंटरनेट पर वीडियो वायरल, जिलाधिकारी से की गई शिकायत



शाह टाइम्स संवाददाता

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव इकराम नगर पाक गोटिया निवासी ताशिफ अली जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि गांव में ग्राम समाज के द्वारा निर्मित पंडजा के निकट उसका पुश्तैनी मकान है जिसका दरवाजा कई वर्ष पूर्व ग्राम समाज के मुख्य रास्ते की ओर खुला हुआ है मुख्य रास्ते की दोनों और ग्राम समाज द्वारा बनवाए गए नाली जो तालाब तक जाती है उसे पर दरवाजा स्थित है शिकायतकर्ता ने अवगत कराया है कि गांव के दबंग लोग मुस्ताकअली, कल्लू अली, आसिफ अली आधा दर्जन दंवगो ने शिकायतकर्ता के मुख्य रास्ते में बाधा उत्पन्न करते हुए रास्ता रोक दिया है और राजस्व विभाग से सांठगांठ राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में दरवाजा बंद कर दिया जब शिकायतकर्ता ने राजस्व विभाग की टीम से दरवाजा बंद करने का आदेश दिखाने की बात रखी तो वह वहां से खिसक गए दरवाजा बंद करते समय का विरोधी पक्ष का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है पीड़ित का कहना है कि दरवाजा बंद होने से उसका पूरा परिवार ही परेशानी में पड़ जाएगा इसका मुख्य रास्ता बंद हो जाएगा। इस संबंध में ग्राम प्रधान मुशीर ने बना बताया शिकायतकर्ता का घर और दरवाजापुश्तैनी है ग्राम समाज के रास्ते की ओर खुला हुआ है दूसरा पक्ष दंवगई मे बंद करना चाह रहा है गलत है। इस संबंध में राजस्व लेखपाल कल्पना रानी ने ने बताया दूसरा पक्ष द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई थी वह जांच करने मौके पर पहुंची थी जब उनसे पूछा गया अपने दरवाजा बंद कराया है इसका आदेश कहां है तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई और फोन काट दिया।

# रोडवेज बस की गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर



शाहटाइम्स संवाददाता

**सहसवान।** रोडवेज बस और गन्ना लदी ट्रेक्टर ट्राली की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार 17 लोग घायल हो गए। इनमें बस में सवार तीन महिला यात्री भी शामिल हैं। हादसे के बाद बस और ट्रेक्टर चालक मौके से भाग गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा मंगलवार बुधवार की मध्य रात्रि करीब 12 बजे बदायूं मेरठ हाईवे के जहांगीराबाद चौराहे पर हुआ। सिकन्द्राबाद डिपो की रोडवेज बस बदायूं से सवारियां लेकर दिल्ली जा रही थी। जहांगीराबाद चौराहे पर गलत दिशा में सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रेक्टर ट्राली और बस में टक्कर हो गई। बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद दोनों वाहन चालक मौके से भाग गए। यहां से गुजर रहे वाहन चालकों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह के साथ कोतवाली पुलिस, एसडीएम प्रेमपाल सिंह, सीओ सिंह मौके पर पहुंच गए।

ट्रैक्टर पर सवार दो युवक और बस में सवार तीन महिला समेत 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में सवार शेष यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य को भेज दिया गया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि हादसे में ट्रेक्टर पर सवार राधेश्याम निवासी गांव कंचनपुर थाना सोरों जनपद कासगंज, हरिओम निवासी मुहल्ला जहांग. ीराबाद थाना सहसवान, बस सवार ऐजाज हुसैन निवासी खंडसारी छः सडका कोतवाली बदायूं, शकील अहमद निवासी दातागंज, विकास निवासी आसपुर थाना अलापुर, अजीत निवासी आसपुर थाना अला. पुर, तसलीम बानो निवासी सराय फकीर थाना कोतवाली बदायूं, मसीहत अहमद निवासी सराय फकीर थाना कोतवाली बदायूं, किशनपाल, नन्ही देवी निवासी बाराकलां थाना कलान जनपद शाहजहांपुर, धर्मेन्द्र निवासी टिकुरी थाना आंवला जनपद बरेली, सोनू गुप्ता, अर्जुन मौर्य निवासी दातागंज, आरती गुप्ता, पंकज गुप्ता निवासी क 576 अशोक नगर शाहदरा दिल्ली, मोहम्मद नूर, करन निवासी मानपुर नगरिया थाना उझानी शामिल हैं।

# शिविर में उपकरणों के लिए हुआ दिव्यांगजनों का पंजीकरण



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** ब्लॉक सभागार में दिव्यांगजन पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 73 दिव्यांगों ने पंजीकरण कराया। सोमवार को ब्लॉक सभागार में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, ट्राई साइकिल तथा श्रवण यंत्र जैसे उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांग पंजीकरण कैंप लगाया गया। कैंप में 73 दिव्यांगों का पंजीकरण परीक्षण करने के बाद किया गया है।डा. अमृता सक्सेना ने बताया कि कैंप में चिन्हित दिव्यांगजनों को बाद में अलग से कैंप लगाकर सहायक उपकरण जैसे कैलीपर्स, ट्राई साइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, व्हीलचेयर, हेयर ऐड आदि वितरित किए जाएंगे। इस दौरान अखिलेश यादव प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे गेहूं के खेत में पड़ा मिला अधेड़ का शव


शव की शिनाख्त करती हुई पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती ।** ननिहाल की कहकर घर से निकले अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे गेहू के खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई। उघैती थाना क्षेत्र के करियामई गांव के पास सड़क किनारे विनय कुमार के गेंहू के खेत में एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शव पड़ा होने की सूचना से ग्रामीणों का भारी भीड़ जमा हो गई।मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए जमा तलाशी ली। मृतक की जेब से कुछ सिक्के डायरी व आधार कार्ड मिला।आधार कार्ड से पुलिस ने मृतक की पहचान छेदा लाल पुत्र नौवत सिंह (60)निवासी ढाढौल जनपद संभल के रूप हुई। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के छोटे भाई वेदराम ने बताया।

उनके भाई छेद लाल मंगलवार को शाम 5बजे के करीब घर से करियामई ननिहाल जाने की कह कर गए हुए थे।लेकिन देर रात करियामई नहीं पहुचे।अधेड़ की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था।पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच पड़ताल जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवा समाज को जागृत करें, तभी बदलेगी देश की तस्वीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**उझानी।** संविलयन विद्यालय सिकंद्राबाद में भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट गाइड शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया।

स्काउट गाइड ने तंबुओं का शहर बसाकर सुंदर गेट, टावर और रंगोली सजाई। जय श्री राम और मीराबाई टोली ओवर आल चौंपियन रही। मुख्य अतिथि थाना मुजरिया सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार चौहान और बच्चू सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि युवा समाज को जाग्रत करें। तभी देश की तस्वीर बदलेगी और संस्कृति का उत्थान होगा। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि युवाओं के शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं, शक्ति और अदम्य साहस अपनी मंजिल को पाएं। राजकीय हाईस्कूल सिकंद्राबाद की उप प्रधानाचार्य अंजू ने कहा कि श्रेष्ठ ज्ञान से व्यक्तित्व निखरता है। पवित्रता आती है। एआरपी सहसवान राजन यादव ने कहा कि युवा दिग्भ्रमित न हों, श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित कर राष्ट्र के लिए उपयोगी बनें। स्काउट वर्ग में जय श्री राम टोली प्रथम, श्रीकृष्णा टोली द्वितीय, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप टोली तृतीय रही। जबकि गार्ड वर्ग में मीराबाई कंपनी प्रथम, लक्ष्मीबाई कंपनी द्वितीय, मां दुर्गा कंपनी तृतीय स्थान पर रही। भारत माता कंपनी और मां सरस्वती कंपनी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

जिला व्यायाम शिक्षिका ज्योति सक्सेना, आमिर फारूक और राजवीर तरंग निर्णायक रहे। शिक्षिका रुचि वर्मा, शशि वर्मा, सरोज राजपूत के नेतृत्व में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार चौहान, शिक्षक वेद प्रकाश पाल, मनोज कुमार ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक खचेरमल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षक रामावतार, अभिषेक शर्मा, करणपाल, कपिल देव, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन रुचि वर्मा ने किया।

# मराठा सर्राफा एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** मराठा सर्राफा एसोसिएशन के तत्वाधान में हिंदवी स्वराज की स्थापना करने वाले वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आर्य समाज चौक स्थित रस्तोगी धर्मशाला में बुधवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ समारोह पूर्वक मनाई गई। शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाषण स्पर्धा में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मराठा- सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों नीरज रस्तोगी, जितेंद्र महाजन, अवनीश वर्मा एवं अतुल रस्तोगी ने मां सरस्वती एवं वीर मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुलदीप अंगार ने कहा- वीर मराठा योद्धा कुशल रणनीतिकार छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र में शिवनेरी के दुर्ग में मां जीजाबाई- पिता शाह जी भोसले के परिवार में हुआ था। शिवाजी के जीवन में मां जीजाबाई के द्वारा सुनाई गई रामायण- महाभारत की वीर गाथाओं के संस्कारों से उनके अंदर बचपन से ही वीर बनने की प्रेरणा जगी।शिवाजी वीर योद्धा, कुशल रण नीति कार राजनीति एवं छापामार युद्ध नीति में पारंगत थे। श्री अंगार ने कहा- छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना कर हिंदुत्व को आगे बढ़ाने का कार्य किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के विषय में संग्राम मराठा ने भी अपने विचार रखें।भाषण स्पर्धा निर्णायक मंडल में डॉक्टर सरला चक्रवर्ती, प्रमोद कुमार शर्मा एवं संजय मराठा रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत मराठा ने किया। इस अवसर पर सिकंदर पटेल, राजकुमार सिंह सेंगर, दीपक, संग्राम, संजय, अनिल,शिवाजी, दिलीप, हनुमंत, शनि,जावेद,रामचंद्र, हरि,सागर संजय राणा एवं समस्त मराठा परिवार एवं सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया एसएस स्कूल का वार्षिकोत्सव



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या छह गौशाला रोड स्थित एसएम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां बच्चों ने धार्मिक-देश भक्ति गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मेधावी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल रहे छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य एवं प्रबंधक पूर्ति उपाध्याय ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। उन्होनें कहा कि शिक्षा विकास की मुख्य धुरी है। शिक्षा बगैर किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। इसलिए सभी अभिभावकों को चाहिए वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा अवश्य दिलाए। इसके बाद बच्चों द्वारा भगवान गणेश एवं मां सरस्वती की वंदना पेश की। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फिल्मी गीतों पर काफी सुंदर ढंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथि रही ममता शाक्य को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रखर उपाध्याय, ऋषिकांत उपाध्याय, प्रधानाचार्य अवनेश कुमार शाक्य, प्रशासक अमृतलाल शर्मा, नाहिद अंजुम, फरहीन खां, रामेश्वर शाक्य, सुनील कुमार, अवधेश पाराशर, मीनू सोंलकी, शिवा उपाध्याय, आदि मौजूद रहे।

# चन्दपुरा उप चुनाव में प्रधान पद के लिए 60.14 फीसदी हुआ मतदान



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** विकास क्षेत्र बिसौली के ग्राम प्रधान राकेश कुमार की मृत्यु होने से रिक्त हुई ग्राम पंचायत चन्दपुरा के प्रधान पद का उप चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। मतदान में कुल 60.14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

ग्राम पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या 21 51 है। जिसमें 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मतदान प्रक्रिया शाम 5:00 बजे तक चली। चुनाव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मतगणना 21 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से बिसौली ब्लॉक सभागार में होगी। डीएचओ सुनील कुमार सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहे। उन्होंने बताया की 12:00 तक 26. 76 प्रतिशत, एक बजे तक 34 प्रतिशत, दो बजे तक 40.73 प्रतिशत, तीन बजे तक 48.42 प्रतिशत, चार बजे तक 55.81 प्रतिशत वोटिंग हुई। ग्रामीणों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इधर एसडीएम राशि कृष्णा और तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम राशि कृष्णा ने बताया कि चंदपुरा के उप चुनाव के लिए हुआ मतदान बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट सृजन यादव, नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, सब इंस्पेक्टर जब्बार अली आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण व संप्रदर्शन को लेकर दिशा निर्देश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उ0प्र0 द्वारा भारतीय झण्डा संहिता 2002 (2021 एवं 2022 में यथा संशोधित) व राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 जो राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण/ संप्रदर्शन को नियंत्रित करते हैं। जो कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट www-mha-gov-in पर भी उपलब्ध हैं। इन अधिनियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देशों में अवगत कराया गया है कि भारतीय झंडा सं‍ि. हता के भाग 02 के पैरा 2(2) की धारा (10) के अनुसार जनता द्वारा कागज के बने राष्ट्रीय झंडो को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर हिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर जनता द्वारा प्रयोग किये हुए कागज के बने राष्ट्रीय झंडो को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए। ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप एकान्त में किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/ पॉलिएस्टर/ ऊनी/ सिल्क/ खादी के कपडे से बनाया गया हो। जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है। राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है परन्तु झंडे की लम्बाई ओर ऊंचाई (चौडाई) का 3 अनुपात 2 होगा। उन्होंने बताया कि जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला- कुचौला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। संहिता के भाग 03 की धारा 09 में उल्लखित गणमान्यो जैसे राष्ट्रपति, उप- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय झंडे से ऊँचा या उससे ऊपर या उसके बराबर में नहीं लगाना चाहिए।

# श्री सालासर बालाजी दरबार हाल का हुआ भव्य उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** श्रीराम दूत संकट मोचन श्री बालाजी दरबार में श्री सालासर बालाजी हाल सम्राट अशोक नगर में मंगलवार को महंत पुष्पेंद्रपुरी महाराज के गुरु , माता जी द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया जहां भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। श्री सालासर बालाजी हाल को सभी भक्तों ने फूल, गुब्बारों और इत्र लगाकर भव्य रूप से सजाया।महंत पुष्पेंद्रपुरी महाराज के गुरु, माता जी द्वारा श्री सालासर बालाजी हाल का भव्य उद्घाटन किया गया महंत पुष्पेंद्रपुरी महाराज ने दरबार में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात दरबार में आए हुए सभी भक्तों ने बालाजी दरबार में पूजा पाठ में हिस्सा लिया भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। परमेश्वरी लाल कश्यप, राम गोस्वामी, नारायण गोस्वामी, मौजूद रहे।

## एक नजर

# सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस करने पर होगी कार्रवाई:डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बदायूं।** सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रेक्टिस करने के पर कार्रवाई होगी। डीएम निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिन सरकारी चिकित्सकों को नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) मिल रहा है, वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिन सरकारी चिकित्सकों को एनपीए मिल रहा है उसकी सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि जिला पुरुष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत व अन्य सरकारी चिकित्सक जो नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) ले रहे हैं, वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संविदा पर कार्यरत सरकारी चिकित्सकों को एनपीए नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि जो भी सरकारी चिकित्सक नॉन प्रैक्टिस अलाउंस ले रहे हैं उनकी सूची बनाकर जिला प्रशासन को उपलब्ध प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर अमित कुमार श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एक दिवसीय किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर ।** बीते बुधवार को स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार अवस्थी के नेतृत्व में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर दीपेंद्र कुमार , तकनीकि अधिकारी अमित कुमार तिवारी व सोनवीर सिंह ने एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया । यह कार्यक्रम सी एस आई आर - सी मैप अनुसंधान केंद्र पंत नगर ( डी एस टी - वित्तपोषित जी ए पी - 533 ) परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया । इस किसान गोष्ठी कार्यक्रम में डी एस टी - वित्तपोषित जी ए पी -533 परियोजना से जुड़ी मुख्य बातों पर प्रकाश डाला । इस दौरान डॉक्टर दीपेंद्र कुमार ने किसानों को उन्नत खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण विस्तृत जानकारी दी । इस एक दिवसीय किसान गोष्ठी कार्यक्रम में आसफपुर के स्थानीय उन्नत किसान निखिलेश कुमार पाठक , क्षेत्र के गांव राजटिकौली के उन्नत किसान सुधीर कुमार उपाध्याय , रजनीश कुमार मिश्रा , विकलेश कुमार मिश्रा , राजेश यादव , पवन मिश्रा , प्रत्यूष पाराशरी , यश वीर सिंह , भीकम सिंह , चेतराम , मोनू गौतम , अजीत सिंह , लक्ष्मण मौर्य , मनोज कुमार शर्मा , खूब चंद्र मौर्य , शिवेन्द्र कुमार ,राजाराम शर्मा व दिनेश चंद्र सहित क्षेत्र के लगभग 5 दर्जन से अधिक उन्नत कृषकों ने किसान गोष्ठी में प्रतिभाग लिया । इस कार्यक्रम का संचालन उन्नत कृषक सुधीर कुमार उपाध्याय ने किया । यह किसान गोष्ठी कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान पर बीते बुधवार को आयोजित किया गया । यह जानकारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर दीपेंद्र कुमार ने दी ।

# अधिवक्ता विपेंद्र कुमार सक्सेना का हुआ निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता विपेंद्र कुमार सक्सेना का लगभग 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिस कारण सिविल वार के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे, और मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसील क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी अधिवक्ता विपेंद्र सक्सेना पिछले कुछ वर्षों से बदायू में निवास कर वकालत करने आते थे। उनके दो अधिवक्ता पुत्र एड. कौशल सक्सेना, एड. चमन सक्सेना एवं पुत्रवधू शालिनी सक्सेना भी अधिवक्ता है। बीती रात अचानक उनका बीपी लो हो गया और मौत हो गई।

जबकि कल कचहरी आकर अपना कार्य भी किया था। बुधवार को उनके निधन की खबर मिलते हीं अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर न्यायिक कार्य से विरत रहे।

# खेत पर सिंचाई कर रहे युवक को चार लोगों ने पीटा



शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसवान।** खेत पर सिंचाई कर रहे युवक को चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में चार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी देवराज का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों से घर के निकास को लेकर विवाद चल रहा है। निकास के पैसे भी दे चुका है फिर भी निकास बंद किए हुए हैं। 16 फरवरी की शाम करीब तीन बजे वह अपने खेत पर सिंचाई कर रहा था। इसी दौरान आरोपित लाठी डंडे लेकर वहां पहुंच गए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र पर अवनेश, प्रदीप, सोमेन्द्र और बबलू के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। सहसवान: बैलगाड़ी से कुचल कर उपले तोड़ने का विरोध करने पर मां बेटों को घर में घुस कर मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस मामले में दो सगे भाइयों समेत चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव तिगरा निवासी गुड्डो देवी का कहना है कि 18 फरवरी की शाम करीब चार बजे वह अपनी जगह में उपले थाप रही थी। इसी दौरान गांव का ही अंकित डनलप लेकर आया और उपलों को कुचलता हुआ चला गया। विरोध करने पर गालियां देने लगा।

लोगों ने उस समय मामला रफा-दफा कर दिया। जब वह अपने घर पहुंची तो आरोपित लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर पीटना शुरू कर दिया। महिला के पुत्र रोहित और धर्मेंद्र ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हुए तो आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र पर अंकित, विवेक, रामनिवास और जितेंद्र के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नाबालिग लड़की को भगा ले गया सत्रह साल का नाबालिग युवक

■ पुलिस ने आरोपी समेत नौ लोगों पर दर्ज किया मुकदमा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक नाबालिग लड़की को गांव का ही एक नाबालिग युवक अपने साथ भगा ले गया। लड़की के पिता को इसका पता चलने पर जब वह युवक के घर पहुंचा तो युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे वहां से भगा दिया। युवक का कहना है कि उसकी पुत्री घर से सोने-चांदी के जेबरात भी निकाल ले गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का कहना है कि बीती 13 फरवरी की रात करीब 11:40 बजे एक नाबालिग युवक उसकी नाबालिग पुत्री को घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

जब वो और उसकी पत्नी सुबह लगभग 5:00 बजे जागे तो उन्होंने देखा कि उसकी पुत्री घर में नहीं थी। खोजबीन करने पर पता चला कि उसकी पुत्री को गांव का एक नाबालिग युवक अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर जब उसने लड़के के पिता राजकुमार व माता ज्ञानवती, आकाश, राजू पुत्रगण राजकुमार व महेन्द्र सिंह पुत्र शीशपाल सिंह, मान सिंह पुत्र रतनलाल, मुनीम पुत्र काशीराम, राम सिंह पुत्र रामचरन से कहा कि युवक उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया तो उक्त लोग गालियां देने लगे, और लड़ाई झगड़े पर अमादा हो गये।

युवक का कहना है कि उसकी पुत्री अपने साथ सोने के कुण्डल, चांदी की जेबरी, 10,000 रुपये नगद साथ में ले गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी युवक उम्र 17 वर्ष पुत्र राजकुमार, राजकुमार, ज्ञानवती, आकाश, महेन्द्र, मान सिंह, राम सिंह पुत्र रामचरन निवासीगण ग्राम तेजनगर थाना बहेड़ी जनपद बरेली व दो नाबालिग लड़कों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गौकशी गिरोह से पुलिस की मुठभेड़ तीन के पैरों में लगी गोली, पांच फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौकशी करने वाले गिरोह के तीन गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार तड़के सहारा ग्राउंड में हुई मुठभेड़ के दौरान तीनों तस्करों को पकड़ा। तीनों के घुटनों में गोली लगी है। गिरोह के पांच तस्कर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है। वहीं, घायल गौ तस्करों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सहारा ग्राउंड में बीते दिनों गौकशी की घटना हुई थी। इसका मुकदमा इज्जतनगर थाने में दर्ज किया गया। घटना के खुलासे में पुलिस की दो टीमें लगाई गईं थीं। रात में थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सहारा ग्राउंड में फिर गौकशी करने की फिराक में है। इसपर पुलिस ने दबिश दी। खुद को घिरता देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर पांच आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने वसीम पुत्र पप्पू निवासी भूड़ा, थाना भोजीपुरा, अफसर पुत्र मुकद्दर अली निवासी भूड़ा और जावेद पुत्र नासिर हुसैन निवासी भूड़ा को पकड़ लिया। वहीं शाकिर पुत्र जाबिर निवासी पीर बहोड़ा, थाना इज्जतनगर, मुतासिफ पुत्र नवाब हुसैन निवासी भूड़ा, थाना भोजीपुरा, साहिल पुत्र अशफाक निवासी सैदपुर चुन्नीलाल, थाना भोजीपुरा, कल्लू पुत्र इब्राहिम निवासी भूड़ा, थाना भोजीपुरा, जफर उर्फ रमन कालिया पुत्र नजीर अहमद निवासी परतापुर जीवन सहाय, थाना इज्जतनगर फरार हो गए।

## आरोपियों पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गिरोह का सरगना वसीम है। उसके दोनों घुटनों में गोली लगी है। वसीम के खिलाफ 14 मुकदमे दर्ज हैं। अफसर और जावेद के भी पैरों में गोली लगी है। ये सभी शातिर गौकश हैं। आरोपियों से तीन तमंचे, इको गाड़ी, पिकअप, गौकशी करने वाले औजार व बाइक बरामद हुई है। इस घटना में पांच लोग वांछित हैं। इन्हें भी जल्दी पकड़ा जाएगा। एसपी सिटी ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फर्जी आईडी से पैसों की मांग पीड़ित ने की पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** रंजीत सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी मोहल्ला साहूकरा फतेहगंज पश्चिमी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बह त्रिलोक चन्द डिग्री कॉलेज में क्लर्क है। बुधवार को फेसबुक पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी राज वर्मा के नाम से फर्जी आईडी व फोटो लगा कर लोगों को उनके नाम से रिक्वेस्ट भेज रहा है व परिचित लोगों से पैसे की मांग कर रहा है या फिर लोगों को एकाउंट में पैसे भेजने का लालच देकर लोगों से ओटीपी लेकर पैसे निकालने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### रिछा पहुंचे सांसद छात्रपाल गंगवार, पूर्व चेयरमैन के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** नगर पंचायत रिछा के पूर्व चेयरमैन और चार दशक पूर्व विधायक का चुनाव लड़े बाबू तनवीर अहमद के इंतकाल (निधन) पर बुधवार को बरेली लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने रिछा स्थित उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया। गुजरी 12 फरवरी को पूर्व चेयरमैन बड़ी सख्सियत बाबू तनवीर अहमद का दिल्ली में इलाज के दौरान इंतकाल (निधन) हो गया था। रिछा के पास गांव दमखोदा निवासी बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार के घराने से बाबू तनवीर अहमद के परिवारिक संबंध और राजनीतिक जुड़ाव है। बुधवार को दोपहर बाद रिछा पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार ने पूर्व चेयरमैन के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन के छोटे भाई और राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बाबू जुबैर अहमद, पूर्व चेयरमैन के पुत्र और चेयरमैन का चुनाव लड़ चुके बाबू आतिफ, रिछा राइस मिलर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के अध्यक्ष अतहर हुसैन नियाजी, राशिद नियाजी, अरशद सिद्धीकी आदि मौजूद रहे।

### स्पा सेंटर से आ रही थी युवती की चीखने की आवाज, अंदर का नजारा देख पुलिस हैरान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे बुद्धा स्पा सेंटर में युवतियों को नौकरी के नाम पर देह व्यापार के लिए मजबूर किए जाने का मामला सामने आया है। विरोध करने वाली महिलाओं को संचालक एक अन्य महिला के साथ कमरे में बंद करा देता था। सोमवार रात पुलिस ने सेंटर पर छापा मारकर तीन युवकों और दो युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था।

एक पीड़िता की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने संचालक, महिला व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक युवती को नौकरी का झांसा देकर संचालक मोनू चौधरी ने स्पा सेंटर में बुलाया था। यहां पहुंचने पर रेखा नाम की महिला के साथ मिलकर उसे कमरे में बंद कर दिया। युवती पर देह व्यापार का दबाव बनाया।

युवती मौका पाकर मदद के लिए चिल्लाने लगी। शोर सुनकर सोमवार शाम स्थानीय लोगों ने 112 पर कॉल करके पुलिस को स्पा सेंटर में अनैतिक गतिविधियों के संचालन की सूचना दे दी। इसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारा। पुलिस की पूछताछ में एक युवती ने बताया कि उसे नौकरी का झांसा देकर 15 फरवरी को सुबह स्पा सेंटर में लाया गया था। स्पा सेंटर का मुख्य संचालक मोनू चौधरी है, जो भोली-भाली युवतियों को नौकरी का लालच देकर फंसाता है, फिर उन्हें जबरन देह व्यापार में धकेल देता है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मोनू चौधरी, रेखा समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि मामले में मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस के नया गांव निवासी रेखा, भोजीपुरा के बड़िया धौरा टांडा निवासी साहिल और रोहित को गिरफ्तार किया गया है। संचालक मोनू चौधरी की तलाश की जा रही है। देवरनियां थाना क्षेत्र की महिला और हरियाणा के हिसार जिले के लाडवा सुल्तानपुर निवासी युवती को भी गिरफ्तार किया गया है। इनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# पीएम आवास के नए लाभार्थियों की जांच करने शीशगढ़ पहुंची एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** नगर पंचायत शीशगढ़ में पीएम आवास की 2.0 स्कीम के तहत ऑन लाइन आवेदन करने वाले लाभार्थियों की पहली सूची में उन पात्रों के नाम शामिल किए जाएंगे जो अभी तक पीएम आवास से बंचित हैं। इस सूची में विधवा, विकलांग, बुजुर्गों को शामिल किया गया है। सूची की जांच प्राइवेट एजेंसियों से हटाकर अब सूची की जांच टीम में एसडीएम मीरगंज को टीम अध्यक्ष व टीम में अधिशासी अधिकारी तथा डूडा विभाग के परियोजना अधिकारी को शामिल किया गया है।



बुधवार को एसडीएम मीरगंज तृप्ति गुप्ता शीशगढ़ पहुंची और अपनी टीम के ईओ शीशगढ़ दुर्गेश कुमार सिंह के साथ पीएम आवास की नगर पंचायत की पहली जारी सूची में मोहल्ला जाटवान के पात्र आवेदन कर्ताओं के घर-घर जाकर गहनता से जांच की। साथ ही उन्होंने नगर पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यो का भी निरीक्षण भी किया। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मोहल्ला जाटवान में लगभग दर्जन भर आवेदन कर्ताओं के घर-घर जाकर जांच की है, जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। पात्र लोगों को ही पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

# देवरनियां में ट्रेन से कटकर किन्नर की मौत

■ डेढ़ घंटे बाद पहुंची जीआरपी, स्टेशन पर पड़ा रहा शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बुधवार को देवरनियां रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर एक किन्नर की मौत हो गई। शव डेढ़ घंटे तक रेलवे स्टेशन पर पड़ा रहा, मगर सूचना मिलने के डेढ़ घंटे बाद जीआरपी मौके पर पहुंची।

लालकुआं से बरेली जा रही ट्रेन संख्या 05402 शाम 4:45 बजे जैसे ही देवरनियां रेलवे स्टेशन पर पहुंची, ट्रेन रुकने पर उसमें सवार एक 38 वर्षीय किन्नर प्लेट फार्म पर उतरा। बताते हैं कि ट्रेन से उतरते समय किन्नर पैर फिसलने के कारण ट्रेन के नीचे आ गया, और उसकी ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। किन्नर की पहचान थाना शीशगढ़ के गांव बल्ली बूंची निवासी विजय पाल किन्नर पुत्र डोरीलाल के रुप में हुई। बताते हैं कि यह लालकुआं से बैठते थे, और देवरनियां उतरकर वापसी बहेड़ी जाते थे, और सप्ताह में दो-तीन बार आना-जाना होता था। मौके पर पहुंचे किन्नर के परिजनों और उसके एक साथी ने पहचान की। सूचना पर पास में स्थित कोतवाली देवरनियां पुलिस मौके पर पहुंची।

मामला जीआरपी क्षेत्र का होने पर थाना पुलिस वापस आ गई। देवरनियां स्टेशन मास्टर योगेन्द्र सिंह ने घटना की सूचना भोजीपुरा स्थित जीआरपी पुलिस चौकी को दी, मगर घटना के डेढ़ घंटा बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची, और तब तक शव देवरनियां स्टेशन पर ही पड़ा था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रयाग मिल्क फैक्टरी में आयकर की टीम ने मारा छापा चौबीस घंटे से जांच जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र में स्थित प्रयाग मिल्क फैक्टरी में आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। दिल्ली आयकर विभाग के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर अभिलेख जब्त किए हैं। 24 घंटे से टीम फैक्टरी के अंदर डेरा डाले हुए और दस्तावेजों की जांच पड़ताल कर रही है।

फरीदपुर क्षेत्र के अंधरपुरा गांव स्थित प्रयाग मिल्क फैक्टरी में दिल्ली आयकर विभाग के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार दोपहर फरीदपुर थाना पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। 24 घंटे से टीम फैक्टरी के अंदर ही अभिलेखों की जांच कर रही है। फैक्टरी में दूध, दही, मट्ठा, घी व मिल्क शेक समेत अन्य प्रोडक्ट बनाए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार फैक्टरी के अंदर मुख्य पदों पर रहने वाले लोगों के मोबाइल भी जब्त कर लिए हैं। आयकर टीम जांच कर रही है। हालांकि अभी यह जानकारी नहीं हुई है, यह कार्रवाई क्यों हुई है।

# प्राथमिकता से आंगनबाड़ी वाले बच्चों के बनवाए जाएं आधार कार्ड: डीएम

■ जिला पोषण समिति की बैठक में दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में कुल तीन लाख 60 हजार बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत हैं, जिसमें से एक लाख 54 हजार बच्चों का आधार कार्ड बन चुका है। जिस पर अवशेष बच्चों का भी आधार कार्ड एक से डेढ़ महीने में बनवाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि कुछ आधार केन्द्रों को प्राथमिकता से आंगनबाड़ी के बच्चों के आधार कार्ड बनवाने हेतु चिन्हित किया जाए, और आंगनबाड़ी केद्रों में पंजीकृत बच्चों का आधार बीआरसी पर भेज कर बनवाया जाए।

बैठक में बताया गया कि 16 अकियाशील आंगनबाड़ी कार्यकत्री में से 8 की सेवा समाप्ति का आदेश व 8 को नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार 27 अकियाशील सहायिकाओं में से 9 सेवा की सेवा समाप्ति का आदेश व 18 को नोटिस जारी किये गए हैं। बैठक में कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती हेतु बताया गया कि विगत चार माह से बच्चों की भर्ती करने की प्रकिया ठीक नहीं चल रही है, जिसपर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करते हुए शत प्रतिशत क्षमता के अनुरूप में सापेक्ष बच्चों को भर्ती करने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त सीडिपीओ द्वारा अवगत कराया कि एनआरसी के कर्मी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता, इसलिए परिजन बच्चों को वापस लें आते हैं, जिसपर डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उक्त कर्मी की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिए गए कि अगली बार की बैठक से पहले आशा, ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते सक्रिय कराएं और वजन मशीन क्रय करायें। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यत्रियों के चयन का यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि 122 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जाना है, जिसमें दो लाख रुपए ग्राम पंचायत द्वारा, दो लाख रुपये विभाग द्वारा तथा आठ लाख मनरेगा द्वारा कुल बारह लाख से प्रत्येक आंगनबाड़ी का निर्माण कार्य होगा।

बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रति माह आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत होने वाली गर्भवती महिलाओं की सूची एमओआईसी को उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें जननी सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके, और संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, पीडीएन आरएलएम, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल एप के माध्यम से प्रत्येक किसान की फार्मर रजिस्ट्री करें तैयार: अभिनन्दन सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उप निदेशक कृषि अभिनन्दन सिंह ने अवगत कराया है कि भारत सरकार की एग्रीस्टैक परियोजना अन्तर्गत प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक किसान को सम्मिलित करते हुए मोबाइल एप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। फार्मर रजिस्ट्री अन्तर्गत कृषकों की भूमि का आधार से लिंक कर उसका एक आईडी बनाना, जिससे कि कृषक को विभिन्न विभागों की योजनाओं व न्यूनतम सर्मथन मूल्य पर कृषि उत्पादों के विपणन के लाभ हेतु एक ही आईडी का प्रयोग कर लाभ लिया जा सकेगा।

उप निदेशक कृषि ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषकों द्वारा सेल्फ मोड-मोबाइल एप के द्वारा स्वंय किसान द्वारा, सहायक मोड-मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कृषि विभाग के कर्मचारी द्वारा, कैंप मोड में-मोबाइल एप्लीकेशन, वेबपोर्टल के माध्यम से कृषि विभाग के कर्मचारी एवं राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा, सीएससी मोड-जनसेवा केन्द्र आपरेटर द्वारा में कराई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री हेतु कृषकों के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले आवश्यक अभिलेख आधार कार्ड, खतौनी की छाया प्रति, आधार पर पंजीकृत मोबाइल जनपद में फार्मर रजिस्ट्री हेतु ग्रामवार कृषि विभाग के कर्मचारी एवं राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। कृषकों द्वारा उनके ग्रामों में आयोजित कैम्पों में आवश्यक अभिलेख तथा आधार कार्ड पर पंजीकृत मोबाइल साथ में लेकर जाने अथवा निकटतम जनसेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं।

इस योजना के संचालन से कृषकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पादन की खरीद, किसानों को संस्थागत खरीदारों से जोड़ने का अवसर, कृषि इनपुट सप्लायर के साथ कृषकों को जोड़ने का अवसर, कृषकों को फसली ऋण एवं फसल बीमा की क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता, फार्मर रजिस्ट्री का प्रयोग कृषि के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभाग जिसमें गन्ना, उद्यान, मत्स्य, खाद्य एवं विपणन आदि के द्वारा अपने योजनाओं का लाभ प्रदान हेतु किया जा सकेगा, तथा न्यून्तम सर्मथन मूल्य पर कृषि उत्पाद के विपणन में सुगमता, पीएम किसान योजना के अन्तर्गत किस्त प्राप्त करने हेतु अनिवार्यता की शर्त को पूर्ण कर लाभ प्राप्त करने में सुगमता की सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी।

डीएम रविन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद में फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट चस्पा कर एवं जनसेवा केन्द्र संचालकों तथा ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। सभी कृषकों से अपील है कि वह खतौनी, आधार कार्ड तथा आधार कार्ड पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ अपने ग्राम में निकटतम जनसेवा केन्द्र पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायें। साथ ही जिन कृषक भाईयों द्वारा ग्राम में तैनात कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक से फार्मर रजिस्ट्री के लिये ईकेवाईसी कराई गई है, वह अपने ग्राम के सम्बन्धित लेखपाल से सम्पर्क कर ईकेवाईसी के सापेक्ष अपना भूमि सत्यापन कराते हुये अपने फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण को पूर्ण कराने की पुष्टि कर लें।

फार्मर रजिस्ट्री हेतु पंजीकरण न कराये जाने की स्थिति में कृषक बन्धु प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत आगामी 24 फरवरी को 19 वीं किस्त का लाभ मिलने से वंचित रह सकते हैं।

# गुणवत्ता, पोषकता, पशु कल्याण व पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति करें जागरूक: डॉ. त्रिवेणी दत्त

■ एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं उद्योग एकेडिमिया मीट का हाइब्रिड रूप से आयोजन हुआ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशालय, प्रसार शिक्षा एवं पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सतत विकास में मांस एवं मांस उत्पादों का महत्व: मानव स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं उद्योग एकेडिमिया मीट का हाइब्रिड रूप से आयोजन किया गया, जिसमें मांस व्यवसाय से जुड़े हुए 10 उद्योगों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि शोध योग्य मुद्दों का पता लगाने हेतु यह इण्टरफेस मीट बहुत महत्वपूर्ण है। पशुधन उत्पादों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के महत्व को ध्यान में रखते हुए आईवीआरआई इस साल से बीटेक डेयरी प्रौद्योगिकी में डिग्री कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहा है।

डॉ. दत्त ने आगे बताया कि पिछले दशक में भारत का मांस उत्पादन 4.85 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा, है तथा यह सभी पशु उत्पादों में से सबसे ज्यादा निर्यात किये जाने वाला पशुधन उत्पाद है। उन्होंने कहा कि पशु कल्याण, रोगाणुरोधी प्रतिरोध, आहार सम्बन्धी बीमारियां कुछ और मुद्दे हैं, जिन्हें उचित रूप से संबोधित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर बोलते हुए संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डॉ. एसके मेंदिरत्ता ने बताया कि पिछले कुछ दशकों के दौरान मांस उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है, आजकल के उपभोक्ता मांस की गुणवत्ता, पोषकता, पशु कल्याण तथा पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं।

संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि इस वर्ष आईवीआरआई द्वारा आयोजित की जाने वाली यह आठवीं उद्योग एकेडिमिया मीटिंग है। उन्होंने कहा कि सहयोगात्मक अनुसंधान, उद्योग निर्मित उत्पादों के मान्यकरण, परामर्श कार्य, अनुबन्ध अनुसंधान, इंडस्ट्री चेयर, सीएसआर अनुदान, इंटर्नशिप इत्यादि विषयों पर पारस्परिक चर्चा एवं सहयोग स्थापित करने के लिए यह एक उपयुक्त मंच है। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत में बहुत कम मांस का प्रसंस्करण होता है, लेकिन बढ़ती हुई आबादी, आय एवं पशुजनित प्रोटीन की बढ़ती मांग के कारण इस क्षेत्र में गत वर्षों के दौरान विकास की रफ्तार बढ़ी है। इस अवसर पर अपने स्वागत उद्‌बोधन में पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एआर सेन ने इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान परिपेक्ष में मांस उद्योग में सतत्ता एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है, जिसे उचित रूप से संबोधित करना आवश्यक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सतत् मांस उत्पादन एवं प्रसंस्करण के महत्व पर बल दिया।

कार्यशाला के दौरान दो तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र की अध्यक्षता डॉ. एसके मेंदिरत्ता, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक ने की, जिसमें डॉ. एआर सेन विभागाध्यक्ष, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग, डॉ. देवाशीष मलिक, उपनिदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो, नई दिल्ली एवं डॉ. एसवी बारबुधे, निदेशक, राष्ट्रीय मांस अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा स्वस्थ्य जीवन के लिए मांस एवं मांस उत्पादों के महत्व विषय पर प्रस्तुतियां दी गई।दूसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ. एआर सेन द्वारा की गई, इस सत्र में के. राजेश लिसियस, बंग्लूरू द्वारा मांस क्षेत्र में स्थिरता और गुणवत्ता से संबंधित मुद्दे तथा डॉ. वी. तिजारे, महाप्रबन्धक, वैंकी (इंण्डिया), पुणे द्वारा घरेलू और निर्यात पोल्ट्री मांस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुद्दे और रणनीतियाँ पर अपनी प्रस्तुतियां दी। इसके पश्चात विभिन्न उद्यमियों के साथ विचार विर्मश किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी की डॉ. नम्रता तथा डॉ. अम्बाशिरी द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गीता चौहान द्वारा किया गया। इस इण्टरफेस मीट में डॉ. मुथु कुमार, डॉ. वीएम नवीना, डॉ. ताना जी सहित संस्थान के डॉ. असीम विश्वास, डॉ. सुमन तालुकदार, डॉ. सागर चन्द, डॉ. तनवीर अहमद, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. ज्योति सहित संस्थान के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# शिवाजी महाराज के जयंती पर स्वास्थ्य एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म उत्सव पर स्वास्थ्य एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया भारतीय पटेल महासभा के तत्वाधान में मिलक के छत्रपति शिवाजी चौराहा रास डंडियां में हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समरसता स्वास्थ्य एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार गंगवार मुख्य अतिथि माननीय सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गंग. वार पी ई एस अधिकारी भारतीय पटेल महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल जिला अध्यक्ष डॉ नंदन प्रसाद पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मुख्य अतिथि मा सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने पराक्रम शौर्य और आत्मबल से समाज को नई दिशा प्रदान की। विपरीत परिस्थितियों में भी शिवाजी महाराज ने समाज को संगठित कर राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रतिस्थापित करते हुए हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। शिवाजी महाराज ने अपने अद्वितीय कौशल से समाज के सभी वर्गों को जोड़कर उनमें आत्म बल और राष्ट्रभक्ति का संचार किया तथा हिंदवी साम्राज्य की स्थापना के लिए समर्पण भाव की ज्योत जलाई। आज भी समाज को शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है जिससे इस पूरे समाज और देश का उत्थान हो सके। विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गंगवार ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज स्वतंत्र साम्राज्य की स्थापना के साथ-साथ समाज में समता बंधुता न्याय एवं नारी उत्थान हेतु समर्पित रहे। समाज को नई दिशा देने के लिए शिवाजी महाराज गुरु गोविंद सिंह जैसे महापुरुषों के जीवन परिचय का अध्ययन किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल ने बताया कि शिवाजी महाराज ने भारतीय जल सेना के स्थापना की साथ ही शिवाजी महाराज गोरिल्ला युद्ध के आविष्कारक है।

शिवाजी महाराज ने एक उत्कृष्ट और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना की जिसमें सभी को बराबर का अधिकार प्राप्त था। जिला अध्यक्ष डॉ नंदन प्रसाद पटेल ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को जीवन में उतरकर युवा पीढ़ी समाज और देश के लिए योगदान प्रदान कर सकती है। छत्रपति शिवाजी चौराहा छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श और शौर्य को प्रतिस्थापित करते हुए समाज को गौरवान्वित करता रहेगा। डा के बी सिंह व डॉक्टर अंकुर गंग. वार ने बीमारियों से बचने तथा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्याख्यान देते हुए बताया कि हम अपनी दिनचर्या में बदलाव लाकर हार्ट अटैक शुगर बीपी किडनी फेलियर आदि गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं।

कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अर्चना गंगवार पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रामपुर देवकरण गंग. वार जिला पंचायत सदस्य टेकचंद गंगवार गन्ना समिति के अध्यक्ष रजनीश कुमार पटेल रवेंद्र गंगवार केहरी सिंह गंगवार आदि ने संबोधित किया। भारतीय पटेल महासभा के अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल डॉ नंदन प्रसाद पटेल शिवाजी चौराहा के अध्यक्ष मोहित गंगवार महासचिव सत्येंद्र गंगवार ने मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल उपाध्यक्ष राज्य पिछला वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार गंगवार तथा विशिष्ट अतिथि संजय कुमार गंगवार पी ई एस को शौर्य का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव गुप्ता प्रसाद पटेल और जिला सचिव दिगपाल गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राजीव कुमार, अरविंद गंगवार ,अजय गंगवार, चुन्नीलाल सागर, यादवेंद्र सिंह, छत्रपाल गंगवार, राकेश गंगवार, अजय कुमार गंग. वार, धर्मवीर गंगवार, रघुवीर गंग. वार, वीरपाल गंगवार, राकेश गंग. वार, सीमा पटेल, लोकेश कुमारी, कैप्टन मोहनलाल, इंद्रपाल पटेल, सरनाम सिंह, वेद प्रकाश गंगवार, लाल सिंह, बाबूराम गंगवार, उमेश कुमार गंगवार, चिंतामणि गंगवार, सुधीर गंगवार, रमेश पटेल, भानु प्रताप सिंह, एडवोकेट सहदेव गंग. वार, चूरामणि गंगवार, अरविंद गंग. वार, धर्मपाल सिंह, मनोज गंगवार, डा. लीलाधर गंगवार,ओमप्रकाश गंगवार आदि ग्राम प्रधान एवं समा. जसेवी उपस्थित रहे।

# परीक्षा में ऐसे की तैयारी तो आएंगे अच्छे अंक: प्रवक्ता नजमत अली

**राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात विषय विशेषज्ञ शिक्षक की राय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के द्वारा महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित शंकाओं प्रश्नों के प्रभावी समाधान के साथ-साथ परीक्षा के तनाव प्रबंधन पर एवं समय प्रबंधन हेतु विषय विशेषज्ञों की राय कार्यक्रम में आज राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में तैनात जीव विज्ञान के प्रवक्ता नजमत अली से वार्ता हुई इस दौरान उन्होंने इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए की हमारे संवाददाता को

बताया है कि जीव विज्ञान की परीक्षा में अच्छे अंक पाने हैं तो इन बातों का ध्यान रखें परीक्षा हाल में समय से पहुंचे एवं प्रश्न पत्र हल करते समय हर प्रश्न और खंड के उत्तर क्रम से लिखें। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए चित्रों पर ज्यादा ध्यान दें। चित्र स्वच्छ और स्पष्ट रूप से बनाएं और उनका सही प्रकार से नामांकन करें। तकनीकी शब्दों को अंग्रेजी में लिखें। सामान्य



नाम के साथ जीव वैज्ञानिक नाम भी लिखें। इंटरमीडिएट जीव विज्ञान में चार प्रकार के कुल 70 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे जो बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय होंगे, दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को सचित्र हल करें जिससे अच्छे अंक प्राप्त होंगे।प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ने के बाद ही जवाब दें जल्दबाजी में गलत उत्तर ना दें। लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दें। परीक्षा हाल में बिल्कुल भी तनाव न लें शांत मन से परीक्षा दें। अगर परीक्षा में इस तरह से परीक्षा की तैयारी करेंगे और प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे तो अवश्य ही अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

# 28 बाकायादारों के काटे गए विद्युत कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को विद्युत उपखण्ड शाहबाद में तैनात जेई नौशाद विद्युत कर्मियों के साथ विद्युत बाकीदारों के घरों पर पहुंचे जहां पर कुछ ने तो लाइन काटने से पहले ही बकाया जमा कर दी कुछ उपभोक्ताओं बाकीदारों ने विधुत लाइन काटने के बाद बिजली घर आकर विद्युत बिल की धनराशि जमा की। जेई नौशाद ने बताया कि 28 उपभोक्ता थे जिन पर विद्युत विभाग का 2 लाख 56 हजार रुपये बकाया धनराशि थी जिसमें से आज 1 लाख 35 हजार रुपये जमा कराए गए। कुछ उपभोक्ताओं ने तो हैंड टू हैंड ड्यूज जमा कर दिया तब उनकी लाइन नहीं काटी गई। विद्युत



लाइन काटे गए 7 उपभोक्ताओं के कनेक्शन बाद में जुड़वाए गए। इस दौरान रउफ खान, खिलेंद्र शंकर आदि विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जिलेभर के गांवों का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के मीडिया प्रभारी/लीगल एडवाईजर अधिवक्ता महबूब अली पाशा ने बताया कि रामपुर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने बुधवार को जिला रामपुर के ग्राम खानपुर पुर जदीद केमरी, सिंहपुरा, देवरीखुर्द, बड़ा गांव, चैनपुरा, भोजीपुरा, जगन्नाथपुर, केवलपुर, धामरी, चन्दपुरा, हुरमतनगर, मझुआ, कल्यानपुर, सिमरा, पषपुरा, चमनपुर, तिरहा, लोहा पट्टी, भोलेनाथ, धामौरा आदि गांव के क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामवा. सियों ने सांसद मोहिबुल्ला नदवी के समक्ष अपनी जन समस्यायें/षिकायतें रखी जिसमें लोगों ने रास्ते, नालियों व



बिजली आदि की समस्याओं तथा थानों व तहसीलों में भ्रश्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है जिसमें सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने लोगों को आष्वासन दिया कि अगर किसी भी थाने में कोई भी पुलिस वाला या तहसील में कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बाबू आपसे काम करने के लिए रिष्वत मांगता है तो आप मुझे तुरन्त सूचना दें। मैं ऐसे कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्षन करवाउंगा और गांव में जल्द ही रोड व नाली एवं बिजली की समस्याओं को दूर कराउंगा। ग्राम पषुपरु में



महिलाओं ने कहा कि हमारे गांव में कोई भी महिला बीमार होती है तो एम्बूलेन्स नहीं आती है तथा हमारे गांव की बुजुर्गों महिलाओं व बेवाओं की पेंषन भी कट गयी है जिसमें हमारी षिकायत नहीं सुन रहा है। सांसद जी ने महिलाओं को आश्वा. सन दिया कि आपकी समस्यायें जल्द ही समाप्त करा दी जायेगी। इस अवसर पर एड. महबूब अली पाशा, अय्यूब हाजी, डॉ. मेहन्दी हसन, पप्पू सिंह, हाफिज नूरी, इन्तेजार खां, शुएब पाषा, सालिग बाबा, अरशद अली मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य कैंप में 200 मरीजों को दी गई मुफ्त दवा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र ग्राम खजूरी स्थित कम्युनिटी मेडिसिन विभाग सुभारती मेडिकल कॉलेज द्वारा संचालित कैप्टन अब्दुल हमीद सुभारती ग्रामीण स्वरूप एवं प्रशिक्षण केंद्र खजूरी पर बुधवार को एक निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारी जैसे खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डी रोग, स्त्री रोग दांतों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर लगभग 200 लोगों को मुफ्त दवा वितरित की गई। शिविर में अधिकतर मरीज चर्म रोग ब्लड प्रेशर और शुगर के पाए गए। इस स्वास्थ्य कैंप में डॉक्टर पवन पराशर प्रोफेसर हेड डॉक्टर सर्वजीत कुमार, धर्मेंद्र, दंत चिकित्सक, कुशाग्र अग्रवाल, प्रज्ञा अग्रवाल, प्रियदर्शन शर्मा, फरहत खान, अर्जुन सिंह, रेनू रानी, सुनीता देवी, रमेश, विनोद आदि तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पूर्वा अहिरान की छात्राओं को जिला प्रशासन द्वारा अभिलाषा फाउंडेशन के सहयोग से आत्मरक्षा प्रशिक्षण व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे महिला एवं बाल विकास विभाग से खुशबू शर्मा डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर ने विभागीय समस्त योजनाओ बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर के बारे मे बताया। एंटी करप्शन महिला थाना से प्रतिभा ने 1090, 1098, 181, 112, 102, 1176 हेल्पलाइन नंबर्स के बारे मे बताते हुए छात्राओं को अभिप्रेरित किया कि वह अपने ऊपर होने वाली किसी भी हिंसा को सहन न करें बल्कि अपनी बात हमसे कहें। छात्राओं ने स्वागत गान, बेटियों के शिक्षा के लिए नाटक प्रस्तुत किया गया व उसके बाद सुश्री नीलम मिश्रा द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाये।

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों से मिले चेयरमैन शैलेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता ने सरस्वती शिशु मंदिर पूरनपुर के बच्चों से मुलाक़ात की।

शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गंगवार एवं आचार्य मनीष दिवाकर के साथ आये शिशु मंदिर के बच्चों ने अपने आचार्यगणों से कुछ दिन पूर्व चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता से मिलने की इच्छा जाहिर की थी शिक्षकों द्वारा चेयरमैन से संपर्क होते ही चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने उन बच्चों को निराश ना करते हुए नगर पालिका कार्यालय बुलाया और सभी से मिले, परिचय के साथ बच्चों से उनके भविष्य को लेकर भी उनसे बात की। नन्हे मुन्ने बच्चों को प्यार दुलार दिया और उनको जलपान करवाकर बच्चों को मेडल पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया।चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने को बोलते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें भी दीं। इस अवसर पर साथ में उप जिलाधिकारी /अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पूरनपुर, अजीत प्रताप सिंह, एड. आदित्यमोहन वीरू, विवेक तिवारी भी उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत मे दिखा बाघ, किसानों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव सुल्तानपुर के समीप खेतों में बाघ देखकर लोग दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो बाघ गन्ने के खेत में चला गया। गांव सुल्तानपुर और जगदीशपुर गौटिया के समीप खेतों में बाघ की चहलकदमी से किसान परेशान हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के हरीपुर जंगल से करीब एक किलोमीटर दूर जगदीशपुर गौटिया और इससे एक किलोमीटर दूरी पर गांव सुल्तानपुर है। जंगल से निकलकर अक्सर वन्यजीव गांव के पास आ जाते हैं। गांव सुल्तानपुर और जगदीशपुर गौटिया के समीप खेतों में पिछले कई दिनों से बाघ की चहलकदमी दिख रही है। खेतों में घूम रहे बाघ को देखकर लोगों ने शोर-शराबा किया। कल शाम इसी बाघ ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ की चहलकदमी की सूचना पर टीम को भेजा गया था, लेकिन टीम को बाघ के पगचिह्न नहीं मिले। टीम को निगरानी में लगाया गया है।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों एवं 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अल्पसंख्यक कल्याण, विद्युत आपूर्ति, किसान सम्मान निधि, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, फैमिली आईडी, एम्बुलेंस, जल जीवन मिशन, 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, पर्यटन, निपुण परीक्षा आंकलन, पेंशन, लोक निर्माण विभाग, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ पेंशन योजना की समीक्षा करते हुये जनपद की रैंकिंग में और सुधार लाये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

50 लाख रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विभागीय अधिकारी एवं निर्माण इकाई निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने सेतु निगम, गृह एवं गोपन, लोक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, अल्पसंख्यक कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, जिला कारागार सहित अन्य विभागों के अंतर्गत किये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये कार्यदायी संस्था को गुणवत्ताप. रक एवं तीव्र गति से निर्माण कार्य



कराये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, सीएमओ डा. अशोक कटारिया, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरोप: दबंग लोग सब इंस्पेक्टर व पटवारी से मिलकर करा रहे किसान की जमीन पर कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पबरसा गांव के किसान बुधवार को जमीन पर कब्जे के विरा. ध में कलक्ट्रेट में धरना देकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें बताया कि पबरसा गांव के रहने वाले किसान हिमांशु की जमीन पर गांव के दबंग ओर अपराधिक किस्म के लोग कब्जा करना चाहते है जिसमें उनका साथ सरधना तहसील का पटवारी व दौराला थाना सब इंस्पेक्टर भी दे रहे है। चौधरी नितिन बालियान ने बताया कि हिमांशु के पास उसकी जमीन के सभी वैध दस्तावेज है जो तहसील के अभिलेखों पर दर्ज है किंतु उसके बावजूद 18 फरवरी को हिमांशु के खेत पर दौराला थाने के सब इंस्पेक्टर संजय द्विवेदी ओर अनुज पटवारी पहुंचे और गांव के पारस का कब्जा करवाने का प्रयास किया। पीड़ित परिवार ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर थाने में झूठा मुकदमा लिखवाने की धमकी दी गई। देर रात्रि पुलिस के संरक्षण में पीड़ित के खेत में खड़ी सीमेंट की चारदीवारी दबंगों ने तोड़ डाली। इस दौरान हिमांशु चौधरी, शादाब चौधरी, विराट अहलावत, नेहा चौधरी, राहुल सिंह, शालिनी मसीह आदि मौजूद रहे।

# भीषण सड़क हादसे में कव्वाल साईम और अकरम की मौत, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** बरेली नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें रोडवेज बस और एक कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में गहलुइया के मशहूर कव्वाल सईम और माधोंडटाडा के अकरम की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घटना जहानाबाद थाना क्षेत्र के शाही चौकी के पास हुई। मौके पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और मृतकों के परिवारवालों में शोक की लहर है।

# 22 व 23 फरवरी को होगा भारत नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** भारत-नेपाल सामरिक संबंधों को मजबूत करने के लिए जनपद में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति पर्यटन विभाग की ओर से प्रदेश के आठ जनपदों में 19 दिवसीय भव्य आयोजन 5 से 23 फरवरी तक कराया जा रहा है। इस कड़ी में अंतिम कार्यक्रम 22 व 23 फरवरी को शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस भव्य महोत्सव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को प्रेस कांफेंस के माध्यम से मैत्री महोत्सव की जानकारी देते हुए नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन सिंह तोमर ने बताया कि शहर के गांधी स्टेडियम स्थित गांधी प्रेक्षागृह में 22 व 23 फरवरी को भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव में दोनों देशों की सांस्कृतिक मैत्री यात्रा, लोक नृत्यों की प्रस्तुति, सांस्कृतिक परिधान शो, भारत-नेपाल फ्यूजन बैंड शो, उत्तर प्रदेश के लोक. रंग, रघुनंदन व समुद्रमंथनम नृत्य नाटिका, लोकप्रिय गायन प्रस्तुति, सांस्कृतिक चित्र प्रदर्शनी, पर्यटन व्यू क्लिक ऑन स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी व पेटिंग प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होंगे। महोत्सव में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रदेश सरकार की ओर से नेपाल सीमावर्ती जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। इसके लिए संस्कृति पर्यटन विभाग ने महोत्सव का पथ तैयार किया है, जोकि प्रदेश के आठ जिलों से होकर गुजरा। 19 दिवसीय भव्य आयोजन में पीलीभीत के अलावा लखीमपुर खीरी, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, कुशीनगर व सिद्धार्थनगर जिले शामिल हैं।

# मिनी बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

पीलीभीत। तेज रफ्तार मिनी बस में गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर पर बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया बरखेड़ा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के सिमर अकबर गंज निवासी 45 वर्षीय छोटेलाल पुत्र डाकन लाल बुधवार भोर सुबह ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना भरने के बाद बरखेड़ा चीनी मिल लेकर आ रहे। इस दौरान बीसलपुर हाईवे पर ग्राम नैनापुर के समीप तेज रफ्तार मिनी बस में ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। सड़क हादसे में छोटे लाल की मौत हो गई जबकि ट्रैक्टर ट्राली पर बैठा रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक छोटेलाल पड़ोस के रहने वाले रामचंद्र का गन्ना की तौल करवाने आ रहे थे।

## सीएचसी सरधना में डेंटल ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सीएचसी सरधना में बुधवार को बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए डेंटल ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. संदीप कुमार गौतम ने बताया कि शिविर के माध्यम से अभिभावकों में इस बात की जिज्ञासा थी कि दांतों की देखभाल कैसे की जाए और स्टाफ के साथ-साथ पोस्ट ग्रेजुएट्स ने बच्चों को ब्रश करने की तकनीक और उनके लिए आवश्यक भोजन के प्रकार के बारे में बताया।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिक्स की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

किसान दिवस में भूमि विवाद, पुल पर बंधे का निर्माण, नाले की सफाई, विद्युत आदि से संबंधित शिकायतों/समस्याओं को जिलाधिकारी द्वारा सुना गया।

प्रदेश महासचिव भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने हसीब अहमद ने अवगत कराया कि तहसील शाहबाद में डामर रोड व खंती सड़क आदि किसानों के नाम दर्ज है, जिससे विवाद की स्थति बनी हुई है। जिसे पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में दर्ज कराने की कार्यवाही की जाये।

कोसी नदी पर पुल का कार्य निर्माणाधीन है, जिस पर बंदे का निर्माण मढौली से लेकर नव निर्मित पुल तक किया जाना अति आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की किसानों को कोई जानकारी नहीं दी जा रही है और न ही आज तक कोई किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

कृषक जुबैद आलम ने कहा कि सैदनगर बिजली घर की क्षमता वृद्धि पिछले 2 साल से नहीं हो पा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस में प्राप्त किसानों की सभी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी त्वरित गति से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभ को बताते हुए जन सेवा केंद्र पर जाकर व लेखपाल से मिलकर तत्काल अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की।

इस दौरान जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने गत माह में आयोजित किसान दिवस में आयी किसानों की निस्तारित समस्याओं की भी समीक्षा की।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को बताया कि जनपद में ग्रीष्मकालीन धान/साठा धान को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया। कृषक ग्रीष्मकालीन धान/साठा धान के स्थान पर अधिक लाभ देने वाली फसलें जैसे- उड़द, मूंग, सूरजमुखी, मक्का, सब्जियों आदि फसलें का उपयोग कर सकते है।

जनपद के समस्त विकास खण्डों में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मक्का के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसे कृषक 50 प्रतिशत अनुदान पर अपनी आवश्यकता के अनुसार खरीद सकते है।

किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा. मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



रामपुर। किसान दिवस के दौरान किसानों से वार्ता करते डीएम व एसपी।

## पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का बिजली विभाग कैम्प लगाकर करेगा समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मुकेश कुमार ने बताया कि पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत 01 किलोवाट से 10 किलोवाट के सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराए जाने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 1,08,000 रूपये तक का अनुदान दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि पी.एम. कुसुम सी-1 योजना के अन्तर्गत कृषकों के 03 एच०पी० से 10 एच.पी. क्षमता के निजी मीटर्ड नलकूपों पर सोलराइजेशन करने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 90 प्रतिशत का अनुदान दिया जाता है, जिससे किसान बिजली न आने पर भी अपना नलकूप चला सकते हैं और अपने खेतों की सिंचाई आसानी से कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में योजनाओं प्रगति की समीक्षा की गयी। जिसमें कुछ वेण्डरों द्वारा अवगत कराया गया कि पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पी.एम. कुसुम सी-1 योजना में आवेदनकर्ताओं को बिजली बिल में नाम संशोधन, कनेक्शन ट्रांस्फर एवं विद्युत भार वृद्धि इत्यादि में समस्याएं आ रही हैं, जिसके कारण वे आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग कैम्प लगाकर समस्याओं का निस्तारण कराया जायेगा। विद्युत विभाग के स्तर से ऐसी समस्याओं के निस्तारण हेतु खण्डवार एवं तिथिवार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत बिलासपुर में 20 फरवरी को प्रातः10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत रामपुर में 21 फरवरी को, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत स्वार/टाण्डा में 22 फरवरी को एवं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत मिलक/शाहबाद में 24 फरवरी 2025 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पी.एम. कुसुम सी-1 योजना के ऐसे आवेदक अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रार्थना-पत्र, आधार कार्ड एवं 10 रूपये का स्टाम्प लेकर सम्बन्धित कैम्प/स्थान पर जाकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

**पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पी.एम. कुसुम सी-1 योजना के अंतर्गत संयंत्र स्थापित करने में बिजली विभाग कैम्प लगाकर करेगा समस्याओं का निस्तारण।**

# घर के बाहर बैठे युवक पर हमला कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में घर के बाहर बैठे युवक को धारदार हथियार से हमला कर घायल किया मोहल्ला रौरा खुर्द निवासी भूरा पुत्र रमेश कश्यप मंगलवार की रात्रि समय करीब 9:30 बजे अपने घर के बाहर गेट पर बैठा था तभी मौहल्ले के ही रहने लकी पुत्र जगद. ीश शानू पुत्र दिनेश ने दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर को गाली गलौज देना शुरू कर दिया।

पीड़ित ने जब गाली गलौज देने से मना किया तो सभी लोगों ने मिलकर धारदार हथियारों से मारना पीटना शुरू कर दिया और युवक की आंख के पास लोहे के पांच से बार किया जिससे उसकी आंख के पास बरी तरीके चोट आई और लहु लुहान हो गया अनन फनन में घायल युवक थाना मिलक पहुंच जहाँ पुलिस ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।



पड़ोस में अपने घर के पास बैठे दैनिक अमर भारती अखबार के पत्रकार अंकित कुमार जोशी के साथ भी कुछ देर बाद लकी व जगदीश दोनों ने को गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दिया और फिर भी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

दोनो पीड़ितों ने मिलक कोतवाली में तहरीर देकर सभी दबंग व बदमाश लोगों पर खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## आजम खां की पत्नी, बेटे और बहन ने किया कोर्ट में सरेंडर

# कस्टोडियन जमीन मामले में तीनों को मिली अंतरिम जमानत

**रामपुर में आजम की पत्नी से मिलने पहुंची मुरादाबाद की सांसद रूचिवीरा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर में कस्टोडियन मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की पत्नी डा. तजीन फातिमा, बहन निखत अखलाक और बेटे अदीब आजम ने आज कोर्ट में सरेंडर किया। तीनों को कोर्ट से अंत. रिम जमानत मिली है। तीनों सरेंडर के लिए कोर्ट पहुंचे। दोनों से मिलने मुरादाबाद की सांसद रूचिवीरा भी पहुंची। इस मौके पर डा तजीन फातिमा ने सभी को जमानत मिलने पर खुशी जताई। बेटे अदीब आजम ने बेल मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि हम बेकसूर हैं और दूध का दूध पानी का पानी होकर रहेगा।

रामपुर में आजम की पत्नी से मिलने पहुंची मुरादाबाद की सांसद रूचिव. ीरा कहा आजम हिन्दुस्तान के बड़े सैकुलर नेता, आजाद हिंदुस्तान में किसी परिवार के साथ ऐसा अन्याय नहीं हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की पत्नी डा तजीन फातिमा से मुरादाबाद की सांसद रूचिवीरा मिलने रामपुर पहुंची। इस मौके पर सांसद रूचिवीरा ने कहा कि आजम खान हिन्दुस्तान के बड़े सैकुलर नेता हैं। कहा कि आजाद हिंदुस्तान में किसी परिवार के साथ ऐसा अन्याय नहीं हुआ, जो उनके और उनके परिवार के साथ हुआ है। मुरादाबाद की सांसद रूचिवीरा ने कहा कि वह आज हरदोई से आजम खान की पत्नी से मिलने आई हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अदालत पर इंसाफ का भरोसा था। इसी भरोसे के चलते आज आजम खान की पत्नी डा तजीन फातिमा, बेटे अदीब आजम और बहन निखत अखलाक को अंतरिम जमानत मिली है और आगे भी इंसाफ मिलेगा।

उन्होंने कहा आजम खान हिन्दुस्तान के बड़े सैकुलर नेता हैं। उनके साथ जो अन्याय हुआ वो किसी के साथ नहीं हुआ। उनपर और परिवार पर झूठे मुकदमें लगाए गए। क्या है मामला

कुछ माह पहले कस्टोडियन संपत्ति को खुर्द बुर्द करने के आरोप में जौहर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को आरोपी बनाया गया है।

इनमें आजम खान उनकी पत्नी डा तजीन फातिमा, दोनों बेटे अब्दुल्ला आजम और अदीब आजम, आजम खान की बहन निखत अखलाक को आरोपी बनाया गया है। आजम खां और अब्दुल्ला आजम को पुलिस द्वारा क्लीन चिट देने के बाद मामला शासन तक पहुंचा गया था।शासन ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला के खिलाफ भी जांच बैठा दी थी। मामले में दोबारा विवेचना के आदेश दिए गए थे। मामला एमपी एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है।इसमें अब्दुल्ला आजम को जमानत एक दिन पहले मिली थी। आज आजम खान की पत्नी डा ताजीन फातिमा, बेटा अदीब आजम और बहन निखत अखलाक ने कोर्ट में सरेंडर किया। उन्हें अंतरिम जमानत दे दी गई।










# 24 फरवरी से 12 मार्च तक लगेगा रठौंडा में शिवरात्रि किसान मेला

### मेले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट सुनील कुमार मेला मजिस्ट्रेट के रूप में रहेंगे तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि जिला पंचायत रामपुर द्वारा जनपद की तहसील मिलक के ग्राम रठौंडा में गतवर्षो की भाति इस वर्ष भी शिवरात्रि किसान मेले का आयोजन 24 फरवरी से 12 मार्च, 2025 तक किया जा रहा है। मेले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट, मिलक सुनील कुमार (मो. नं. -9454418944) को मेला मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामित मेला मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट जनपद में प्रभावी दण्ड प्रक्रिया सं. हता की धारा-144 के प्रतिबंधों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए मेले के सकुशल आयोजन के दृष्टिगत अपर मुख्य अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत/चिकित्सा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत सम्बन्धित विभागों के माध्यम से समस्त आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराएंगे। यथावश्यक मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधीनस्थ स्टाफ की तैनाती करते हुए यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मेले के दौरान मा. न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 यशासंशोधित के प्राविधानों/मानकों के अनुरूप ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नियत समयावधि (प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक) एवं निर्धारित तीव्रता के भीतर ही किया जाए तथा मेले के अन्तर्गत कोई भी कार्यक्रम सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाएगा।



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह ने बताया कि जनपद में आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्यौहार मनाया जाना है। इस पर्व पर शिवभक्तों द्वारा अधिक सख्या में कॉवड़ें हरिद्वार व बृजघाट से पैदल लाकर जनपद के प्रमुख शिवालयों-भमरौआ, रठौंडा व पंजाबनगर पर चढ़ाई जायेंगी। इसके साथ ही श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ मन्दिर परिसर में एकत्रित होगी। इस हेतु जनपद में सुरक्षा, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखे जाने के लिए 01 तहसीलदार व 02 नायब तहसीलदारों की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गयी है। जिसमें पंजाब नगर मंदिर परिसर मेला क्षेत्र में तहस. ीलदार सदर कृष्ण कुमार चौरसिया, भमरौआ मंदिर पर नायब तहसीलदार, सदर देवेश पाण्डेय और रठौंडा मंदिर पर नायब तहसीलदार मिलक अंकित अवस्थी को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर लगाये गये समस्त मजिस्ट्रेट एक दिन पूर्व मन्दिरों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें कराना सुनिश्चित करेगें। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने परगना क्षेत्रों के प्रमुख शिवालयों पर भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था का दायित्व सम्भालेंगे। साथ ही पुलिस अधीक्षक जनपद के प्रमुख शिवालयों/मन्दिरों पर आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल लगाना सुनिश्चित करेंगे।

## गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के नया सागरपुर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ग्राम प्रधान मौ. इरफान और उनके समर्थकों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित कार्यकत्रियों ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने आंगनबाड़ी केंद्र पर आकर मारपीट की और पुष्टाहार के पैकिट्स ले गए। इसके अलावा, उन्होंने कार्यकत्रियों को धमकी दी है कि अगर उन्हें आधा राशन और पुष्टाहार नहीं दिया गया, तो उन्हें आंगनबाड़ी की नौकरी से निकलबा देंगे। पुलिस ने इस मामले में दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ग्राम प्रधान मौ. इरफान और उनके समर्थकों के खिलाफ मारपीट, धमकी और सरक. ारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के लिए कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और मारपीट की। उन्होंने बताया कि वे अपने काम को करने में डर महसूस कर रही हैं।

## पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराकर कोर्ट में कराए बयान दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** तहसीलदार के पेशकार द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाली युवती का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मेडिकल करा कर आज न्यायालय में बयान दर्ज कराये। नगर के नसीराबाद निवासी तहसीलदार के पेशकार पद पर तैनात राहुल कोली द्वारा नगर की एक युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने का मुकदमा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 16 फरवरी को कोतवाली में दर्ज हुआ है। मुकदमा दर्ज होने के बाद तहसीलदार ने आरोपी को पेशकार पद से हटा दिया पद से हटाने की शिकायत हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने उप जिलाधिकारी मिलक से की थी।

उधर मंगलवार को मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने विभागीय कार्रवाई शुरू करते हुए आज पीड़िता का मेडिकल कराकर आज न्यायालय में पेश किया जहां पीड़िता ने अपने बयान दर्ज कराये उधर मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा है उसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दविश दे रही है।

### शाहबाद पुलिस नें वारंटी को गिरफ्तार कर की कार्रवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता शाहबाद /रामपुर।** बुधवार को कोतवाली पुलिस शाहबाद के उपनिरीक्षक रामपाल सिंह ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी पुलिसकर्मी हेड कांस्टेबल संजीव कुमार के साथ ग्राम करीमगंज थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले 56 वर्षीय बहोरी पुत्र करन सिंह को उसके विरुद्ध जारी वारंट से अवगत कराते हुए और गिरफ्तारी का कारण बताते हुए उसके मकान से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने नगर में किया पैदल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को कोतवाली पुलिस से उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक रमेश चंद्र ,उप निरीक्षक विष्णु वर्मा, उप निरीक्षक अंशुल कुमार, उप निरीक्षक शिवकुमार ,हेड कांस्टेबल संजीव कांस्टेबल चमन आदि के साथ आगामी त्योहारों के मद्देनजर नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान कोतवाली से मोहल्ला कसावांन होते हुए रामपुर चौराहा, ब्लॉक ,अस्पताल चंदौसी चौराहा, बिलारी चौराहा में मार्केट मोहल्ला जिलेदार मोहल्ला बरबालान आदि में पैदल मार्च किया और राहगीरो व मोहल्ले वासियों से आगामी त्योहारों की बाबत चर्चा भी की साथ ही यह भी कहा कि अगर कोई सन्दिग्ध व्यक्ति जो कि त्योहारों में विघ्न डाल सकता उसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दें जिससे समय रहते कार्यवाही हो सके।



## पुल की मरम्मत के चलते लग रहा रोज लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को भी पुल की मरम्मत के चलते लंबा जाम देखा गया प्रशासन व लोक निर्माण विभाग ने पुल की मरम्मत के चलते पहले ही भारी वाहनों को पुल पर से गुजरने के लिये सुबह 9 से 1 बजे तक पूर्णता बंद कर रखा है इस दौरान ट्रैफिक पुलिस और कोतवाली पुलिस ट्रैफिक को कंट्रोल व डाइवर्ट करने के लिए तैनात है। लोक निर्माण विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा रूट डायवर्जिंग प्लान जारी कर दिया गया है उसके बावजूद भी भारी वाहन शासनादेश का पालन करते नजर नहीं आ रहे हैं इस दौरान दो पहिया वाहन हल्के चार पहिया वाहन एंबुलेंस आदि लंबे जाम में फंस जाते हैं बुधवार को भी ऐसी नजारा देखा गया।

# आज होगी अंतिम वोटर लिस्ट जारी: चुनाव अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** बुधवार को तहसील सभागार में यूथ बार ऐसो. शाहबाद के चुनावी कार्यक्रम को लेकर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष विवेक कुमार पांडे एडवोकेट की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बीते मंगलवार को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसमें कहा गया था कि अध्यक्ष पद के लिए 8 वर्ष का अनुभव गलत है इसके लिए कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखा जाए नामांकन पत्रों के शुल्क को लेकर भी आपत्तियां थी उन सभी आपत्तियों को बुधवार को एक बैठक में सुनाया गया जिस पर बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें।

सदस्यता 22 फरवरी तक अंतिम रूप ले लेगी, वोटर लिस्ट यूथबार एसोसिएशन के अध्यक्ष या महासर्. चव से ली जा सकेगी, इन प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट विवेक कुमार पांडे ने निर्णय देते हुए बताया कि विभिन्न पदों के लिए आयु व शुल्क क्रमशः अध्यक्ष पद के लिए 8 वर्ष व नामांकन शुल्क 2 हजार 5 सौ रुपये, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आयु 5 वर्ष व नामाँकन शुल्क 2 हजार रुपये, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क 2 हजार रुपये ,महासचिव पद के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क 2 हजारे रुपये, संयुक्त सचिव के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क एक हजार रुपये, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए 5 वर्ष व नामांकन एक हजार रुपये, कोषाध्यक्ष के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क एक हजार रुपये, मीडिया प्रभारी के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क एक हजार रुपये, प्रवक्ता पद के लिए 5 वर्ष व नामांकन शुल्क एक हजार रुपये होगी साथ ही समस्त नामांकन पत्रों के बिक्री में आरक्षण व्यवस्था लागू होगी सामान्य वर्ग के लिए पूर्ण धनराशि, पिछड़ा वर्ग के लिए 2 हजार रुपये,15 सौ रुपये, 8 सौ रुपये, व 5 सौ रुपये व अनुसूचित जाति वर्ग 15 सौ। ,एक हजार व 5 सौ रुपये धनराशि रहेगी।

चुनाव अधिकारी अकरम अली एडवोकेट ने बताया कि वोटर लिस्ट पर आपत्तियों का निस्तारण कर गुरुवार को अंतिम लिस्ट चस्पा कर दी जाएगी वहीं सारे चुनावी कार्यक्रम 25 फरवरी तक संपन्न हो जाएंगे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तकरीर रहमान एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुहेल खान एडवोकेट, महासचिव अनोद कुमार शर्मा, घनेन्द्र यादव, मुनेश यादव, राम ओतार सिंह यादव, वसीम खान, निखिल कुमार, मारूफ अली, प्रदीप यादव, निधि यादव, सत्येंद्र यादव आदि एडवोकेट मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी ने अधिकारियों के साथ की विकास व निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाले विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि फैमिली आईडी में जनपद रामपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। फैमिली आईडी बनाने को लेकर किये गये कार्य की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकासखण्डवार पंचायत सचिवों को लगाकर कार्य में प्रगति लायें। लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में प्रगति न लाने वाले पंचायत सचिवों के विरुद्ध जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 07 दिन में प्रगति न लाने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश सभी खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित किया गया ग्राम पंचायत में यूजर चोर्जेस को बढ़ायें। इसके लिए सभी बीडीओ


रामपुर। अधिकारियों के साथ विकास व निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक करते डीएम व एसपी।

सचिवों व पंचायत सहायक के साथ बैठक करें और जलकर व डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से प्रत्येक घर से नियमित रूप से कर वसूल करें। उन्होंने कहा कि जिन ब्लॉकों पर अन्नपूर्णा भवन अपूर्ण हैं उन्हें यथा शीघ्र पूर्ण कराकर उसमें राशन की दुकान व सीएससी का संचालन कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक व ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले विभाग व कार्य से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए और बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को समय से पोर्टल पर डाटा फीड करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये।

आम जनमानस की शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें, जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में न जाए और साथ ही कार्यों की मॉनीटरिंग भी अवश्य करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि विभागीय योजनाओं के अच्छादन व योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, राज्य सेतु निगम लि., यूपी सडको, जल निगम यूपीपीसीएल, राजकीय निर्माण निगम सहित अन्य कार्य संस्थाओं द्वारा जिले में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की।

जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि जनपद में 91 परियोजनाएं संचालित है, जिनमें से 36 पूर्ण हो चुकी हैं, 47 परियोजनाएं प्रगतिशील हैं, 20 परियोजनायें विभाग को हस्तांतरित की जा चुकी हैं और 16 हस्तांतरण की जानी हैं।

जिलाधिकारी ने सभी कार्य संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन्हें तत्काल विभाग को हस्तांतरित करायें। उन्होंने सभी कार्यों को अनुबंध की शर्तों के अनुसार गुणवत्ता युक्त व सा समय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तहसील शाहबाद के रेवड़ी कलां ग्राम पंचायत में निर्मित पानी की टंकी के लीकेज, मरम्मत व अन्य कार्य को 01माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह परियोजना निदेशक डीआरडीए दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा


मसवासी। तेंदुए को पकड़ने के लिए तैनात वन विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के गांव करीमपुर मे काफी समय तेंदुआ देखा जा रहा है जिसकी वजह से करीमपुर के जंगल व गांव मे तेंदुए का आतंक बना हुआ है।

पूर्व मे तेंदुए ने बलदेव सिंह के फार्म हाउस पर उनके पालतू कुत्ते का शिकार कर लिया था वन विभाग की टीम काफी समय से तेंदुए को लेकर परेशान है लेकिन तेंदुआ वन विभाग की टीम की पकड़ से बाहर है सोमवार की रात तेंदुआ फिर से अवतार सिंह के फार्म हाउस पर चहल कदमी करता हुआ सी सी टीवी केमरे मे देखा गया जो कि कुत्ते का शिकार करने का प्रयास कर रहा था लेकिन शोर शराबा होने पर भाग गया था इसकी सूचना वन विभाग को दी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मंगलवार की शाम अवतार सिंह के फार्म हाउस पर पहुंची ओर तेंदुए को पकड़ने के लिए अवतार सिंह के घर के पास अमरूद के बाग मे पिंजरा लगाया इस दौरान वन रेंजर मुजाहिद हुसैन वनरक्षक गौरव कुमार ,सुन्दर सिंह भंडारी,शील कुमार, बल विन्दर,सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## साठा धान के स्थान पर करें मक्का, उड़द, मूंग की खेती: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह द्वारा जनपद में लगने वाले ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान की खेती प्रतिबंधित की गयी है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राण ने बताया कि जनपद में लगभग 10000-15000 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान की खेती प्रति वर्ष की जाती रही है। ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान की खेती माह फरवरी से प्रारम्भ होकर माह मई तक की जाती है इस समय वर्षा की कोई सम्भावना नहीं होती है एवं ग्रीष्म कालीन धान साठा धान की खेती पूर्ण रूप से भूमिगत जल पर आधारित रहती है। जल के अत्याधिक दोहन से भूमिगत जल का स्तर निरन्तर नीचे जा रहा है एवं निकट भविष्य में जल संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान की खेती करने से पूर्व खेत की तैयारी के समय खेत में पानी भरकर पडलिंग की प्रक्रिया की जाती है जिससे मिट्टी की सतह कठोर हो जाती है एवं वर्षा काल में वर्षा का जल जमीन के अन्दर नहीं जा पाता है साथ ही मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान की फसल तैयार होने के बाद अवशेषों को भी कृषकों द्वारा जलाया जाता है जिससे वायु प्रदूषण होता एवं मानव स्वास्थ्य पर उसका कू- प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक शोध के आधार पर पाया गया है कि एक किलोग्राम चावल उत्पादन में लगभग 4800 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म कालीन धान/साठा धान के स्थान पर अन्य कम पानी चाहने वाली एवं अधिक लाभ देने वाली फसलें विकल्प के रूप् में उपलब्ध है-जैसे उड़द, मूंग, सूरजमुखी, मक्का, सब्जियों आदि। इन फसलों की पकने की अवधि भी कम होती है जिसके फलस्वरूप खरीफ फसलों की बुबाई भी ससमय


जोगिन्दर सिंह डीएम रामपुर

की जा सकती है। विकास खण्ड स्तर पर स्थित समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कृषकों से अनुरोध है कि अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भण्डार पर जाकर अपनी आवश्यकता के अनुसार मक्का बीज प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि मक्का बीज प्रजाति एवं मूल्य विवरणों में नूजीविड् सीडस रूपये 19800 कु. एनएमएच-920, राष्ट्रीय बीज निगम एनएससी रूपये 21600 कु. एनएमएच-713, रूपये 24200 कु. बीआईओ-9544 व रूपये 26000 कु. बीआईओ-9785, हिल इंण्डिया लि. (एचआईएल) रूपये 24200 कु. पूसा एचक्यूपीएम-5 उन्नत प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी द्वारा साठा धान/ग्रीष्म कालीन धान की खेती को रोकने एवं धान की नर्सरी को नष्ट करने हेतु तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी है जिसमें तहसीलदार, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामित समिति जनपद में भ्रमणशील रहते हुए साठा धान/ग्रीष्म कालीन धान की खेती पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगी।

## 23 फरवरी को होगी प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सहायक श्रमायुक्त राज. कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद की तहसील विलारी के ग्राम पीपली में स्थित मण्डल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में चयन हेतु कक्षा-06 एवं कक्षा-09 की प्रवेश परीक्षा 23 फरवरी, 2025 को रामपुर शहर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जायेगी। कक्षा-06 के प्रवेश परीक्षा के लिए 201 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 97 बालक व 85 बालिका के आवेदन पात्र पाये गये और कक्षा-09 में 120 अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 61 बालक व 42 बालिका के आवेदन पात्र पाये गये है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पहुंचने (रिपोर्टिंग) का समय प्रातः 08:30 बजे हैं। सभी अभ्यर्थी समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में प्रतिभाग करें।

## अब्दुल्ला आज़म की जमानत की खुशी में सपाईयों नें बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** आजमवादी कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद आजम खान के पुत्र पूर्व विधायक अब्दुल्लाह आजम खां की जमानत मंजूर होने की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। सभी आजमवादी कार्यकर्ता समाजवादी युवाजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष इमरान बाबा के आवास पर इकट्ठा हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी। इस दौरान आजमवादी इमरान बाबा ने कहा कि जल्दी ही वक्त बदलेगा और जुल्म की घटा के जो बादल हैं वो छट जाएंगे आज भी हमें न्यायालय पर पूरा विश्वास एवं भरोसा है सच की जीत हमेशा होती है और आने वाले समय में यह जो बुरा वक्त है यह भी दूर हो जाएगा 2027 में उत्तर प्रदेश में समा. जवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की


धमोरा। खुशी का इजहार करते हुए मिठाईयां खिलाते सपाई।

सरकार बनेगी जनता भारतीय जनता पार्टी से ऊब चुकी है।इस दौरान आजमवादी राजू गुप्ता ने कहा की सच परेशान हो सकता है लेकिन परा. जित नहीं हो सकता हमें इस बात की खुशी है कि आज न्याय हुआ है और सच की जीत हुई है। इस दौरान युवाजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान बाबा, सपा नेता आजमवादी राजू गुप्ता, शंभू गुप्ता, जीशान रजा, सलमान अली, गोकल राजपूत, पवन राजपूत, फिरोज खान, गुलफाम रजा, फरमान रजा, साजिद, वाजिद, खालिद, आदि लोग मौजूद रहे।

## नो एन्ट्री में निकल रहे वाहनों के खिलाफ नहीं होती कोई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालिया नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से दोड़ रही है इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही हो रही है। राजस्व विभाग आखे बन्द कर बैठा हुआ इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियो के खिलाफ हिम्मत नही जुटा पारहा है। राजस्व विभाग इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर रहा है यह ट्रैक्टर ट्रालिया ओवर लोड मिट्टी भर कर नो एन्ट्री मे धड़ल्ले से मेन मार्केट से निकलती है यह मिट्टी से भरी ओवरलोड ट्रालिया रोड पर मिट्टी गिराती हुई निकल जाती है जिसकी वजह से दुकानदारो का दुकानो मे बेठना दुशवार हो रहा है। इन ट्रालियो से गिरने वाली मिट्टी दूसरे वाहनो की हवा से उड़कर दुक. ानो मे घुस जाती है जिसकी वजह से दुकानदारो का दुकानो पर बैठना मुश्किल हो रहा है। लगता है यह ट्रैक्टर ट्रालिया नगर मे ही किसी जगह पर मिट्टी का भरान कर रही है।

## पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान ई-रिक्शा लूट और हत्या के मामले में वांछित 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान दीपू वर्मा के रूप में हुई है जो हरदोई के कछौना थाना क्षेत्र का रहने वाला है। थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सैफनी-शाहबाद रोड पर मौजूद है। पुलिस टीम के पहुंचने पर बदमाश ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया।अब जानिए पूरा मामला घटना 3 फरवरी को हुई थी, जब आरोपी ने एक व्यक्ति की हत्या कर उसका ई-रिक्शा लूट लिया था। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। बदमाश के पास से एक तमंचा, कारतूस और 350 रुपए नकद



बरामद हुए हैं।घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 109(1) और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पहले ही तीन अन्य आरोपी प्रेमपाल उर्फ नन्हे, सलमान और गिरीश पांडे को गिरफ्तार कर 3 फरवरी को रिक्शा लूट और हत्या को दिया गया था अंजाम पुलिस कप्तान विद्या सागर मिश्र ने बताया कि पूछताछ में बदमाश ने बताया कि 3 फरवरी 2025 को वह और उसके साथियों ने मिलकर योजना के तहत बस स्टैण्ड सैफनी के पास एक ई-रिक्शा का बिलारी जाने के लिए दोपहर के बाद बुक किया था।ई-रिक्शा चालक को बताया कि इमरजेन्सी काम से बिलारी पंहुचना है। रास्ते में अम्बेडकर मूर्ति तिराहे से कुछ आगे कस्बा सैफनी में ई-रिक्शा को खड़ा कर दिया था तथा शराब की दुकान से शराब ली थी। वहीं पर शराब पी थी और ई-रिक्शा चालक को भी शराब पिला दी थी।इसके बाद तीनों लोग ई-रिक्शा व उसके चालक को लेकर प्रेमपाल उर्फ नन्हे द्वारा ई-रिक्शा को चलाकर सैफनी से करीब 04 कि.मी. आगे रोजे की पुलिया से पहले थाना बिलारी क्षेत्र में तीनों ने मिलकर ई-रिक्शा चालक को सड़क किनारे ले जाकर जोर से धक्का मारा था।जिससे ई-रिक्शा चालक पक्की सड़क पर मुंह के बल जाकर गिरा था। तीनों लोग उसकी ई- रिक्शा व उसका मोबाइल लूट कर ले गए। मृतक के पिता ने ई रिक्शा चालक की हत्या ओर लूट का मुकदमा दर्ज कराया था।

## ट्रक के नीचे दबने से हेल्पर की मौत

■ खौद चौराहे पर गाड़ी पीछे करते समय हादसा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** ट्रक के नीचे दबने से हेल्पर की मौत हो गई। हेल्पर गाड़ी को पीछे कराते समय हादसे का शिकार हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद चौराहे की है। देवराज चौराहे पर चालक अपनी गाड़ी को पीछे कर रहा था। गाड़ी को पीछे करते समय हेल्पर पहिए के नीचे आ गया। चीख पुकार होने पर चालक ने गाड़ी को रोक दिया। नीचे आकर देखा तो हेल्पर पहिए के नीचे दबा हुआ था। शोर सरावा होने पर चौकी इंचार्ज संदीप कुमार भी मौके पर पहुंच गए। राहगीरों की मदद से पहिए के नीचे फंसे हेल्पर को बाहर निकल गया। गंभीर रूप से घायल हेल्पर को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही देर मृतक घोषित कर दिया। मृतक फर्रुखाबाद जिले के गांधीनगर का आकाश पुत्र नन्हें उम्र 26 वर्ष था। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया मृतक के परिजन कोई तहरीर देते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बोर्ड की बैठक में शामिल विधायक प्रतिनिधि ने रखे प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** बीते मंगलवार को नगर पंचायत शाहाबाद में हुई बोर्ड की बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता शामिल हुए। बैठक में सभासदों एवं सभासदों के प्रतिनिधियों के द्वारा लाखों रुपयों प्रस्ताव रखे गए। बैठक में मौजूद अध्यक्षा सुम्बुल नाज व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहबाद पुष्पेंद्र सिंह राठौर के समक्ष विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए सुरेश बाबू गुप्ता ने भी नगर में सौंदर्य करण , नई सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य सफाई व्यवस्था की बावत नगर पंचायत के वार्ड 1. मंगोली से बिलारी बस स्टैंड तक सड़क के दोनों साइड में लाइट व्यवस्था की जाए। 2. पेट्रोल पंप के बराबर में अटल पार का निर्माण कराया जाए। 3. चंदोसी रोड नवदुर्गा मंदिर कालोनी में सड़कों का निर्माण कराया जाए। 4. शाहबाद मेंन मार्केट



की सड़क का निर्माण कराया जाए। 5. भीतर गांव में मेन सड़क का निर्माण, एवं सड़क नालियों की मरम्मत कराई जाए। 6. मंगोली में इंटर लॉकिंग एवं मरम्मत कार्य कराया जाए। 7. पुराने पोस्ट ऑफिस वाली गली में नई सड़क का निर्माण कराया जाए एवं सफाई व्यवस्था पर व ध्यान दिया जाए। 8. श्याम विहार कॉलोनी बिलारी रोड मैं इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाए। 9. पुराने रामपुर रोड पर नाली एवं सड़क की मरम्मत कराई जाए। 10. शक्ति धाम धर्मशाला वाली गली से जंग बहादुर सक्सेना के घर तक मरम्मत कार्य कराया जाए। 11. शाहबाद मंगली भीतर गांव में सौंदर्य करण कराया जाए एवं सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। 12. बिलारी चौराहा एवं रामपुर चौराहे को सुंदर बनाया जाए। 13. तहसील रोड महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी के बराबर से रामौतार सिंह यादव एडवोकेट के घर तक नाली एवं सड़क निर्माण कराया जाए जाने की मांग रखी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर/रामपुर।** दिनांक 07. 02.2025 को वादिनी की तहरीरी सूचना बावत अभि. आकाश राठौर पुत्र ओमाशंकर नि. मौ. कायस्थान कस्बा व थाना बिलासपुर जनपद रामपुर द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना बिलासपुर पर मु.अ.सं.- 38/25 धारा- 69 बीएनएस बनाम आकाश राठौर उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। बुधवार को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के नेतृत्व में थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस अभियोग उपरोक्त के वाछिंत अभि. आकाश राठौर पुत्र ओमाशंकर नि. मौ. कायस्थान कस्बा व थाना बिलासपुर जनपद रामपुर को मौ. इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## गोली मार कर घायल करने में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** मामूली बात पर कहा सुनी के बाद एक युवक कर गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आज दो लोगों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ. मिलक जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा बुधवार को दो नफर वांछित अभियुक्तगण अयान रजा खान पुत्र फिरोज रजा खान उर्फ मुन्ने और कायम रजा खान पुत्र फिरोज रजा खान उर्फ मुन्ने निवासी गण ग्राम खाता कला थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित मु.अ.सं. 60/2025 धारा 109/ 115 (2)/351(3) बीएनएस को मुखविर की सूचना पर रौरा कट कस्बा मिलक जनपद रामपुर से गिरफ्तार कर मा. न्यायालाय रामपुर



भेजा गया। उल्लेखनीय है कि वादी आरिफ खान पुत्र साबिर खान निवासी ग्राम खाता कला थाना मिलक जनपद रामपुर के दाखिला तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 60/2025 धारा 109/ 115 (2)/351(3) बीएनएस बनाम . मुन्ने उर्फ फिरोज रजा खान पुत्र स्व0 नासिर रजा खान 2. अयान रजा खान पुत्र मुन्ने उर्फ फिरोज रजा खान 3. कायम रजा खान पुत्र मुन्ने खान उर्फ फिरोज रजा खान 4. नवाज रजा खान पुत्र स्व. जाकिर रजा खान निवासी ग्राम खाता कला थाना मिलक जनपद रामपुर के विरूद्ध वादी आरिफ खान उपरोक्त के पुत्र कासिम खान पर जान से मारने की नियत से फायर करना जिसमें कासिम खान के पैर में गोली लगना तथा आरिफ खान उपरोक्त के साथ मारपीट करना तथा अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18.02.2025 को पंजीकृत किया गया था। जिसमे मुखविर की सूचना पर उक्त अभियुक्त गणो को गिरफ्तार किया गया है। एवं अभियुक्त अयान रजा खान पुत्र फिरोज रजा खान उर्फ मुन्ने की निशादेही पर दिनांक 19. 02.2025 को घटना में प्रयुक्त एक अदद लाईसेन्सी रिवाल्वर मय खोखा व जिन्दा कारतूस के बरामद किया गया है। एवं मुकदमे में धारा 3/25/27 आर्मस एक्ट की बृद्धि की गयी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ. सलीम को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है।

भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका व उसकी पत्नी मुमताज से कोई ताल्लुक नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**जाहिद पुत्र अब्दुल वहीद**
**नि.ग्राम पटवाई जनपद रामपुर**
**मो.नं.** 9193729750

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी करेगी

**वड़ोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि टीम के यहां रिकॉर्ड को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम मे एक बदलाव है राधा यादव की जगह निकी प्रसाद की टीम में वापसी हुई हैं। वहीं यूपी वॉरियर्ज की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि वे पहले गें. दबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम मे दो बदलाव है अलाना लकग और साइमा ठाकोर की जगह चिनले हेनरी और राज. ेश्वरी गायकवाड़ को टीम में जगह दी गयी है।

### मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**मुम्बई, वार्ता।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे। उनके अलग-अलग कार्यकाल में चयनकर्ता और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी कार्य किया। 1988 में जब युवा तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया।



# विल यंग-लेथम के शतक से न्यूजीलैंड तीन सौ पार पहुंची



### न्यूजीलैंड ने उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया

**कराची, वार्ता।** टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।







# यश की फिफ्टी, विदर्भ को 260 रनों की बढ़त

**रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया**

**नागपुर, वार्ता।** विदर्भ ने यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) की पारियों के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मुम्बई के खिलाफ 260 रनों की बढ़त बना ली हैं। यहां इससे पहले विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया था। पहली पारी के आधार पर 113 रनों की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए थे। इसके बाद यश राठौड़ और अक्षय वड़कर ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 147 रन बना लिए और उसकी बढ़त 260 रनों की हो गई है। स्टंप के समय यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और तनुष कोटियान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ विदर्भ को पहली पारी के आधार 113 रनों की बढ़ हासिल हो गई।

### आकाश का शतक, पार्थ ने मुंबई को 270 पर समेटा

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को आकाश आनंद (106) की शतकीय पारी के बीच विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# गिल-तीक्षणा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

- एक दिवसीय में शीर्ष-10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी है, रोहित, कोहली और अय्यर शामिल

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती थी, जिसमें गिल ने 87, 60 और 112 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 86-33 की औसत और 103-60 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए। अगले सर्वोच्च स्कोरर श्रेयस अय्यर 181 रन बनाकर गिल से 78 रन पीछे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के बाद, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नाम. ीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें, न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

### शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स के लिए खेलेंगे

**नागपुर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स के लिए खेलेंगे। शार्दुल ने काउंटी में खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया है। शार्दुल ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पहली बार काउंटी किकेट में खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही है। उन्होंने 21-67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए अनुबंध पर ठाकुर ने कहा कि मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा, जिससे मैं अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित कर सकूं। काउंटी क्रिकेट खेलने की मेरी हमेशा से इच्छा थी और मैं खुश हूं कि मैं इस टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने कहा, ह्हम शार्दुल ठाकुर के साथ करार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (सातवें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्ट्रुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हार्टकोफ ने (55वें) मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लो. रियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# प्रियांक के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत



**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्द्धशकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलाीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के

**प्रियांक पांचाल ने नाबाद 117 रन और आर्य देसाई ने 73 रनों की शानदार पारी खेली**

लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया। इसके बाद एम डी निधीष (पांच) रनआउट हुए। हालांकि इस दौरान मोहम्मद जहरुद्दीन एक छोर थामे खड़े रहे। चिंता गजा ने एनपी बासिल (एक) को आर्य देसाई के हाथों कैच आउट कराकर केरल की पहली पारी का अंत कर दिया। आज केरल ने 39 रन जोड़ कर अपने तीन विकेट गवां दिए। केरल ने अपनी पहली पारी में 187 ओवर में 457 रन बनाए। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिए। चिंतन गजा को दो विकेट मिले।

# बेन कर्रन का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

**हरारे, वार्ता।** बेन कर्रन (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्द्धशकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन कर्रन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 39-3ओवर में 246 रन बनाकर नौ

**बेन कर्रन ने नाबाद 118 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया**

विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से रौंदा



**भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर, साक्षी राणा और रुताजा ने दागे गोल**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** स्पेन की महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिम. ेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किए। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

### वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा



**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग में आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया। दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बमुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी औघ सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ। शुरुआत में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन अंतिम तीस मिनट में कुछ बेहतरीन मूव बने, जिन पर दो गोल पड़े। वाटिका के गोली यश की गलती का फायदा उठाते हुए संखिल डरपोल ने 68 वें मिनट में सुदेवा को बढ़त दिलाई।

# मुंबई ने गुजरात को पांच विकेट से दी मात



**वड़ोदरा, वार्ता।** नेट सायबर ब्रंट (दो विकेट/ 57रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुकाबले में 23 गेंदे शेष रहते गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

गुजरात जायंट्स के 120 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। हेली मैथ्यूज (17) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया मिश्रा ने यास्तिका भाटिया (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर (19) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायबर ब्रंट ने 39 गें. दों में 11 चौके लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (10) रन बनाकर नाबाद रही। मुम्बई इंडियंस ने 16-1 ओवर में 122 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात की ओर से काश्वी गौतम और प्रिया मिश्रा ने दो- दो विकेट लिए। तनुजा कंवर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिए। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन (तीन), तनुजा (13) रन बनाकर आउट हुई।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 फरवरी 2025

## सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

## ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी

**प्रियंका सौरभ**



इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी ख़तरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारा. `पण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नक. ाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

## एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

**हेल्थ टिप्स**

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

### कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

**हार्ट** से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

### पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

### फाइबर से भरपूर...

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

### ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।



## बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट



**स्रोत फीसर्च**

2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंत. ुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मान. सिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजा. `र होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

# महाकुंभ: आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

**निर्मल रानी**





भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।


> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**




# योगी-अखिलेश आमने-सामने









# महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजनः योगी

**बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

## अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधीः योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

## शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है,जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

# योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

### यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहेः अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

# जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता हैः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

# जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

### वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी।

तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।



# किसको क्या मिल सकता है



- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।










स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426